संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -157 मंगलवार , 09 अप्रैल 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# स्थायी कमिशन देने के मामले में सुप्रीमकोर्ट का बड़ा दखल

## सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ ने इस मुद्दे पर केंद्र से कहा कि हमें ध्वजवाहक बनना होगा और राष्ट्र के साथ मार्च करना होगा

### एक अफसर की सर्विस की बहाल

**नई दिल्ली,08 अप्रैल 2024 (ए)।** कोस्ट गार्ड में महिला अफसर को स्थायी कमीशन देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा दखल दिया है। सुप्रीम कोर्ट कोस्ट गार्ड अफसर प्रियंका त्यागी को फिर से सर्विस में बहाल किया है। प्रियंका त्यागी को कोस्ट गार्ड में जनरल ड्यूटी ऑफिसर के रूप में सेवा जारी रखने के लिए अंतरिम राहत दी गयी है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट से केस अपने पास ट्रांसफर कर लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, इस मामले में लैंगिक समानता का गंभीर संवैधानिक सवाल उठा है।

#### सीजेआई डी वाई चंद्रचूड ने क्या कहा?

सीजेआई डी वाई चंद्रचूड ने इस मुद्दे पर केंद्र से कहा कि हमें ध्वजवाहक बनना होगा और राष्ट्र के साथ मार्च करना होगा. पहले महिलाएं बार में शामिल नहीं हो सकती थीं।फाइटर पायलट नहीं बन सकती थीं.एक महिला के तटरक्षक बल में शामिल होने के विरोध को देख रहे हैं। अगर महिलाएं आपरेशन थिएटर या सुप्रीम कोर्ट बार में जा सकती हैं। तो वो गहरे समंदर में भी जा सकती हैं। 26 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को चेताया था कि या तो स्थायी कमीशन दीजिए वरना कोर्ट ये आदेश देगा।

#### सीजेआई ने कहा- अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो हम आदेश देंगे

सुप्रीम कोर्ट भारतीय तटरक्षक बल की एक महिला अधिकारी की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें बल की योग्य महिला शॉर्ट-सर्विस कमीशन अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने की मांग की गई है। -अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा था कि तटरक्षक बल नौसेना और सेना से



बिल्कुल अलग है।.बोर्ड का गठन हो चुका है और इसमें ढांचागत बदलाव की जरूरत है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा था इन सभी कार्यक्षमता आदि तर्कों में 2024 में कोई दम नहीं है।. महिलाओं को छोड़ा नहीं जा सकता.। यदि आप ऐसा नहीं करेंगे तो हम ऐसा करेंगे.

### पहले भी अदालत ने लगायी थी फटकार

इससे पहले अदालत में इस मामले पर 20 फरवरी को सुनवाई हुई थी.तब कोर्ट ने केंद्र सरकार के रवैये पर सवाल उठाए थे. अदालत ने पूछा था-कोस्ट गार्ड को लेकर आपका इतना उदासीन रवैया क्यों है? आप कोस्ट गार्ड में महिलाओं को क्यों नहीं चाहते? चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा था अगर महिलाएं सीमाओं की रक्षा कर सकती हैं, तो वे तटों की भी रक्षा कर सकती हैं. आप नारी शक्ति की बात करते हैं. अब इसे यहां दिखाएं।



### प्रियंका त्यागी ने लगाई है याचिका

याचिकाकर्ता प्रियंका त्यागी ने खुद को कोस्ट गार्ड के ऑल विमेन क्रू का सदस्य बताया है, जो तटरक्षक बेड़े पर डोमियर विमानों की देखभाल के लिए तैनात किया गया था। यह याचिका एओआर सिद्धांत शर्मा के हवाले से दाखिल की गई है। याचिकाकर्ता ने अपनी रिट में 10 वर्षों की शॉर्ट सर्विस नियुक्ति को आधार बनाते हुए एनी नागराज और बबिता पूनिया के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया है और न्याय की गुहार लगाई है।

# यूट्यूबर रवीन्द्र भारती के ऊपर चला सेबी का चाबुक

### कहा- 12 करोड़ करो वापस

**मुंबई,08 अप्रैल 2024 (ए)।** सोशल मीडिया पर कई इन्फ्लुएंसर अक्सर लोगों को तगड़े मुनाफे का लालच देकर शेयर मार्केट में निवेश करने की सलाह देते हैं। बहुत से लोग उनकी बातों में आकर निवेश कर देते हैं और बाद में उन्हें भारी नुकसान होता है। इस तरह के मामलों को लेकर मार्केट रेगुलेटर सेबी काफी सख्त रहता है। उसने ऐसे ही एक मामले में यूट्यूब 'इंफ्लूएंसर' रवींद्र बालू भारती की अगुवाई वाले रवींद्र भारती एजुकेशन इंस्टीट्यूट के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है।

#### पूंजी बाजार से किया बैन

पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने यूट्यूब 'इंफ्लूएंसर' रवींद्र बालू भारती की अगुवाई वाले रवींद्र भारती एजुकेशन इंस्टीट्यूट को पूंजी बाजार से बैन करने के साथ गैरकानूनी ढंग से अर्जित 12 करोड़ रुपये लौटाने का निर्देश दिया है। खबरों के मुताबिक, यह राशि किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में विशेष रूप से इसी मकसद से खोले गए एस्क्रो खाते में जमा करने का निर्देश दिया गया है।




भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने रवींद्र बालू भारती की पत्नी शुभांगी रवींद्र भारती और निदेशकों ङ्क राहुल अनंत गोसावी और धनश्री चंद्रकांत गोसावी को भी प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है।

#### किसी भी रूप में जुड़ने से भी रोक

खबर के मुताबिक, इन लोगों को किसी भी रजिस्टर्ड मध्यस्थ से किसी भी रूप में जुड़ने से भी रोक दिया गया है। रवींद्र भारती और उनकी पत्नी शुभांगी ने वर्ष 2016 में रवींद्र भारती एजुकेशन इंस्टिट्यूट प्राइवेट लिमिटेड (आरबीईआईपीएल) की स्थापना की थी। कंपनी शेयर बाजार कारोबार से संबंधित प्रशिक्षण या शिक्षण में शामिल होने का दावा करती है। सेबी ने शुक्रवार को जारी अपने अंतरिम आदेश में कहा कि यह संस्थान विचार के बदले में निवेश, खरीद, बिक्री या निवेश उत्पादों से निपटने के संबंध में सलाह देने में शामिल था।

#### 1,000 प्रतिशत तक रिटर्न का लालच..!

निवेशकों को 25 प्रतिशत से लेकर 1,000 प्रतिशत तक रिटर्न का अनुमान लगाकर सलाहकार सेवाएं लेने का लालच दिया गया था। सेबी के मुताबिक, रजिस्ट्रेशन के बैगर निवेश सलाहकार सेवाओं में शामिल होना नियामकीय मानदंडों का उल्लंघन करता है। लिहाजा इस तरह अर्जित कुल गैरकानूनी लाभ 12,03,82,130.91 रुपये की राशि जब्त की जाएगी। इसके अलावा, सेबी की तरफ से संस्थाओं को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे निवेश सलाहकार के रूप में कार्य करने या खुद को निवेश सलाहकार के रूप में रखने और निवेश सलाहकार सेवाएं प्रदान करने से बचें।

# स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी पर बोला हमला



### कहा पहली बार व्यक्ति को परिवार बदलते देखा

**रायबरेली,08 अप्रैल 2024 (ए)।** केंद्रीय मंत्री एवं अमेठी सांसद स्मृति ईरानी सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर अमेठी लोकसभा क्षेत्र के सलोन विधानसभा पहुंचीं।जहां पर स्मृति ईरानी ने कार्यक्रम के दौरान गांधी परिवार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि वायनाड का चुनाव जीतने के लिए राहुल ने आतंकी संगठन पीएफआई से समर्थन लिया है। उन्होंने कहा कि पीएफआई की चार्जशीट को देखने पर पता चलता है कि यह वही संगठन है, जिसने हर जिले में कितने हिंदुओं को मारना है, इसकी लिस्ट बना रखी है। अमेठी से राहुल गांधी के चुनावी मैदान में आने की अटकलों के बीच केन्द्रीय मंत्री ने हमला बोलते हुए कहा कि अभी तक हमने रंग बदलते लोगो को देखा था लेकिन अब तो व्यक्ति अपना परिवार भी बदल रहे है। राहुल गांधी कभी अमेठी को अपना परिवार बताते थे लेकिन आज वायानाड को अपना परिवार बता रहे हैं। चुनाव जीतने के लिए राहुल गांधी ने आतंकवादी संगठन पीएफआई का समर्थन लिया। यह संगठन किस तरीके का है यह सभी जानते है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के अंदर अंतर्कलह मची हुई हुई एक खेमा चाहता है कि राहुल गांधी से मुक्ति मिल जाए और एक नेत्री के हाथ मे कमान चली जाए। उन्होंने कहा कि अमेठी अपने सम्मान, संरक्षण के लिए लड़ रहा है। अमेठी की जनता प्रधानमंत्री के साथ है जिन्होंने हर सम्भव मदद अमेठीवासियो की है। उन्होंने कहा कि जो लोग पहले सरकारों में रहे है उन्होंने अमेठी में क्या किया है और अब क्या है यह सभी जान रहे है।

### 108 वर्ष की आयु में स्वामी शिवशंकर भारती का निधन



**वाराणसी,08 अप्रैल 2024(ए)।** काशीवासियों के लिए भगवान विश्वनाथ का साक्षात स्वरूप माने जाने वाले स्वामी शिवशंकर भारती चैतन्य का 108 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ शिकायत

**नई दिल्ली,08 अप्रैल 2024 (ए)।** कांग्रेस ने पार्टी के घोषणापत्र की तुलना मुस्लिम लीग से करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पीएम मोदी ने 6 अप्रैल को राजस्थान के अजमेर में एक रैली को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की थी। उन्होंने कांग्रेस के घोषणापत्र को झूठ का पुलिंदा बताया और कहा कि इसके हर पन्ने से भारत के टुकड़े-टुकड़े करने की बू आ रही है। पीएम मोदी ने कहा, मुस्लिम लीग की छाप वाले इस घोषणापत्र में जो कुछ बचा था उस पर वामपंथी हावी हो गए हैं। आज कांग्रेस के पास न तो सिद्धांत हैं और न ही नीतियां. ऐसे लगता है कि जैसे कांग्रेस ने सब कुछ ठेके पर दे दिया है और पूरी पार्टी को आउटसोर्स कर दिया है। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री की टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वह लोकसभा चुनावों में बीजेपी की 180 सीटों के आंकड़े को पार करने की संभावना से डरे हुए हैं और इसलिए फिर से वही घिसी-पिटी हिंदू-मुस्लिम स्क्रिप्ट का सहारा ले रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बीजेपी पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया




कि उनके वैचारिक पूर्वजों ने स्वतंत्रता संग्राम में भारतीयों के खिलाफ ब्रिटिश और मुस्लिम लीग का समर्थन किया था. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर खरगे ने कहा, मोदी और शाह के राजनीतिक और वैचारिक पूर्वजों ने स्वतंत्रता संग्राम में भारतीयों के खिलाफ ब्रिटिश और मुस्लिम लीग का साथ दिया था। उन्होंने कहा, आज भी कांग्रेस के न्याय पत्र के खिलाफ वे मुस्लिम लीग का आह्वान कर रहे हैं जिसे आम भारतीयों की आकांक्षाओं, जरूरतों और मांगों के अनुसार आकार दिया गया है।

### सांसद संजय सिंह को बड़ा झटका

**नई दिल्ली,08 अप्रैल 2024(ए)।** तिहाड़ जेल से बाहर आए आप सांसद संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया है



जिसमें उन्होंने गुजरात की एक अदालत द्वारा जारी समन को चुनौती दी थी। यह पीएम मोदी डिग्री से जुड़ा मामला है। सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री पर सवाल उठाने के मामले में 'आप' सांसद संजय सिंह के खिलाफ जारी मानहानि समन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। संजय सिंह ने गुजरात विश्वविद्यालय द्वारा दायर मानहानि मामले में गुजरात की एक अदालत द्वारा जारी समन को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

# भाजपा नेता अनिल विज ने एक्स अकाउंट में किया बदलाव

### अपनी प्रोफाइल से मोदी का परिवार हटाया...सियासत गरमाई...

**नई दिल्ली,08 अप्रैल 2024 (ए)।** हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री और भाजपा नेता अनिल विज ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स में बदलाव किया। उन्होंने अपनी प्रोफाइल से 'मोदी का परिवार' लाइन को हटा दिया। एक्स हैंडल से 'मोदी का परिवार' लाइन हटाने के बाद राज्य की सियासत गरमा गई। कई तरह की चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। लेकिन, अब अनिल विज ने इस पूरे मामले पर बयान दिया है। उन्होंने बताया कि आखिर किस वजह से एक्स अकाउंट प्रोफाइल से 'मोदी का परिवार' लिखा हुआ हटाया।



दरअसल, भाजपा नेताओं ने अपनी प्रोफाइल में अपने-अपने नाम के साथ 'मोदी का परिवार' लिखा है। अनिल विज ने एक्स पर पोस्ट किया, सबको पता है कि मैं अब एक्स हो गया हूं और सभी जगह पर मुझे एक्स लिखना चाहिए। जब मैं एक्स पर अपनी प्रोफाइल में एक्स लिखने लगा तो नाम में लिखे जाने वाले अक्षरों की संख्या निश्चित संख्या से ज्यादा हो गई तो उसमें से (मोदी का परिवार) जो कि मैं हूं ही, वह ऊपर से हटाकर नीचे लगाना पड़ा, जिससे कुछ लोगों को खेलने का अवसर मिल गया। कृपया इसे अब ठीक कर लें। मैं भाजपा का अनन्य भक्त हूं। इस पर खेलने से पहले अगर मेरे से बात कर ली होती तो आपकी मधुर वाणी सुनने का मौका भी मिलता और यह होता भी नहीं।

# मोदी चाय के नाम से युवक ने खोली दुकान,उमड़ा ग्राहकों का सैलाब

**लहेरियासराय ,08 अप्रैल 2024 (ए)।** बिहार में लहेरियासराय के लोहिया चौक पर राकेश रंजन नाम के एक युवक ने चाय की दुकान खोली है, जिसका नाम 'मोदी चाय' रखा है। चुनाव से पहले यह दुकान इस कदर सुर्खियों में आ चुकी है कि लोग यहां बड़ी संख्या में आकर कुल्हड़ वाली चाय का आनंद ले रहे हैं। इसके साथ ही यहां सियासी जमघट भी लग रहा है। लोग सियासी मसलों पर खुलकर बहस करते हुए नजर आ रहे हैं।




मोदी चाय दुकान के बैनर पोस्टर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बड़ी तस्वीर भी लगी है। ऐसे में सड़क से गुजरने वाले लोगों की नज़र जैसे ही मोदी चाय दुकान के पोस्टर पर पड़ती है, वो एक बार इस दुकान पर रुक कर चाय का आनंद जरूर लेते हैं। ऐसे में मोदी के नाम पर दुकानदार की चांदी है। मोदी के नाम जोड़ने से चाय की बिक्री बढ़ गयी है।ऐसा नहीं है कि यहां किसी ख़ास जाति, धर्म या फिर किसी एक राजनितिक पार्टी विशेष के लोग ही चाय पीने आते हैं, बल्कि सभी धर्मों के लोग यहां चाय की चुस्की लेते हुए सियासी मसलों पर खुलकर चर्चा करते हैं। दुकानदार की मानें तो आचार संहिता के कारण वे यहां भीड़ नहीं होने देते हैं। चाय की चुस्की के साथ लोग थोड़ी बहुत चुनावी चर्चा जरूर करते हैं। यहां ज्यादातर लोगों के मन मिज़ाज़ से मोदी लहर है जो पूरे जोर शोर से चल रही है। वहीं, चाय पीने वाले ग्राहक ना महज चाय की तारीफ कर रहे हैं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी तारीफ कर रहे हैं।

# भारत में लोकसभा चुनाव के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली,08 अप्रैल 2024 (ए)।** देश में लोकसभा चुनावों के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई है.। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कुछ चुनिंदा सरकारी सेवाओं के कर्मचारियों के अलावा, दिव्यांग और 85 साल से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा उपलब्ध करायी गई है। देश के अलग-अलग राज्यों में चुनावकर्मी पोस्टल बैलेट से वोटिंग करने के लिए पात्र मतदाताओं की पहचान करके उनके घर पहुंच रहे हैं और उनका मत डलवा रहे हैं। भारत के निर्वाचन आयोग की यह पूरी कोशिश रहती है कि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान में हिस्सा ले सकें. लेकिन अधिक उम्र के नागरिक और बहुत सारे दिव्यांग मतदाता ऐसी स्थिति में नहीं होते कि वे बूथ पर जाकर वोट डाल सकें। इसके अलावा बहुत सारी ऐसी सरकारी सेवाएं हैं, जिनके कर्मचारी अपने मूल स्थान से दूर रहते हैं और वोटिंग के लिए घर नहीं जा पाते. जैसे की सैन्यकर्मी. ऐसे लोगों के लिए भारत के निर्वाचन आयोग ने डाक मतपत्र या पोस्टल बैलेट के जरिए वोटिंग की व्यवस्था की है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि अपने गृह नगर से दूर रहने वाले नागरिक, सीनियर सिटिजन्स और दिव्यांग मतदाता जो बूथ पर जाने में सक्षम नहीं हैं, वे भी वोट दे सकें।



# तुष्टिकरण और मुस्लिम आरक्षण को लेकर जेपी नड्डा ने राहुल गांधी और कांग्रेस से पूछे सवाल

**नई दिल्ली,08 अप्रैल 2024(ए)।** देश के तमाम राजनीतिक दल लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को लुभाने के लिए लगातार चुनावी रैली और रोड शो कर रहे हैं। चुनाव प्रचार जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है वैसे-वैसे राजनीतिक दल एक दूसरे पर जमकर निशाना साध रहे हैं। 'एनडीए 400 पार' के नारे के साथ चुनावी मैदान में उतरी भाजपा ने एक बार फिर से तुष्टिकरण और धर्म के आधार पर आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस की तुलना मुस्लिम लीग से करते हुए देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी को घेरना शुरू कर दिया है।भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को एक बार फिर से कांग्रेस पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि कांग्रेस सत्ता के लिए फिर से देश को बांटने की कोशिश कर रही है। जेपी नड्डा ने कांग्रेस की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने कांग्रेस का घोषणा पत्र देखा जिसे देखकर उन्हें आश्चर्य हुआ कि यह कांग्रेस का घोषणा पत्र है या मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र है। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस को जनता ने बार-बार नकारा है लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति से बाज नहीं आ रही है।उन्होने कहा कि देश को बांटने के लिए और सत्ता को पाने के लिए कांग्रेस किस हद तक जा सकती है, इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता।



## संपादकीय

# दलों के मुखियाओं को सख्ती बरतनी चाहिए

कलकत्ता उच्च न्यायालय का यह कथन बिल्कुल उचित है कि,संदेशखालि में यदि यौन उत्पीडऩ् की एक प्रतिशत आरोप सही पाए गए तो यह बेहद शर्मनाक स्थिति होगी।यौन उत्पीडऩ् के कथित पीड़ितों के लगभग सौ हलफनामे इसमें शामिल हैं। इसमें जमीन कब्जा के मामले व हिंसा की घटनाएं भी हैं। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम ने कहा पूरा जिला प्रशासन और सत्तारूढ़ शासन को जिम्मेदारी निभानी होगी। सौ प्रतिशत जिम्मेदारी निभानी होगी।संदेशखालि में निलंबित तृणमूल नेता शाहजहां शेख व उसके सहयोगियों पर स्थानीय लोगों की जमीनें हड़पने व महिलाओं के यौन शोषण के आरोप हैं। इस पर एक याचिकाकर्ता वकील ने इस घटना की जांच किसी स्वतंत्र एजंसी से कराने की मांग अदालत से की। जिस पर पश्चिम बंगाल के महाधिवक्ता ने विरोध करते हुए दावा किया कि केंद्रीय एजंसियों ने भरोसा खो दिया है।पशिचम बंगाल के कूचविहार में रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संदेशखालि की घटनाओं का जिक्र करते हुए आासन दिया कि दोषियों को अपना शेष जीवन जेल में बिताना होगा। इस दरम्यान ईडी ने शेख के बैंक खातों समेत उसके स्वामित्व वाले व्यवसायों से जुड़े खातों को फ्रीज करना चालू कर दिया है।पीड़िताओं ने दिल दहलाने वाली आपबीती सुनाई। उन्हें मजदूरी की आड़ में बुलाया जाता था,परंतु युवा व आकषर्क महिलाओं को मनोरंजन के नाम पर जबरन रोक लिया जाता था। उनके साथ मारपीट होती व अन्य तरीकों से उन्हें प्रताड़ित किया जाता।हालांकि स्थानीय नेता व ममता बनर्जी के करीबी इसे शुरुआत से ही बंगाल विरोधी प्रचार बता रहे हैं, परंतु यह सिर्फ भाजपा या सीपीएम के दुष्प्रचार का नतीजा नहीं कहा जा सकता। घटना को लेकर राज्य सरकार के भीतर शंका न होती तो वह आनन-फानन शेख को निलंबित करने से हिचकती। ऐसा नहीं कहा जा सकता कि नेतागीरी की आड़ में यह दबंगई केवल बंगाल में ही हो रही है।वास्तव में इस तरह का अत्याचार राजनीति की छतछाया में देश भर में होता रहता है। जिस में जमीनों के कब्जे व बेवजह आम जनता का उत्पीडऩ् शामिल है। यह गंभीर समस्या है, इस पर दलों के मुखियाओं को सख्ती बरतनी चाहिए और ऐसी हरकतें करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर उदाहरण पेश करना चाहिए।

# टूटना मतलब दल का पतन

किसी भी राजनीतिक दल के उदय, स्थापना और विस्तार में जन समर्थन ही मुख्य तत्व है। प्रायः चुनावी दंगल में किसी भी दल को हासिल जनादेश को तीन खंड में देखने की कोशिश की जाती है जिसे कोर वोट, समर्थन वोट और तिरती वोट की संज्ञा दी गई है। इन तीनों में कोर वोट किसी भी दल की रीढ़ होती है। इसका टूटना मतलब उस दल का पतन। बाकी दोनों प्रकार के वोटों का ऊपर-नीचे होना स्वाभाविक है क्योंकि वह समसामयिक मुद्दों और अभियान पर निर्भर करता है।राष्ट्रीय जनता दल की स्थापना 25 जुलाई 1997 को हुई जो लालू प्रसाद के लिए एक विपरीत कालखंड में हुआ करता था। एक तरफ वह अपनी लोकप्रियता की पराकाष्ठा पर थे वहीं दूसरी तरफ पशुपालन घोटाले के आरोप में उनकी राजनीतिक जीवन बिल्कुल संक्रमण काल से गुजर रही थी। ऐसी परिस्थिति में उन्होंने दो महत्त्वपूर्ण राजनीतिक फैसले लिए थे। पहला, जनता दल से अलग होकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की गठन की घोषणा करना और दूसरी अपनी गिरफ्तारी से पूर्व राज्य सरकार के नेतृत्व परिवर्तन को अंतिम रूप देकर राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाना। उनके नेतृत्व में राजद की सरकार लगभग आठ साल (1997-2005) तक रही थी। उन्नीस सौ नब्बे के दशक में लालू प्रसाद यादव अपनी चुनावी सभाओं में कहा करते थे कि जब तक माय' का आशीर्वाद रहेगा तब तक कोई माई का लाल उन्हें सत्ता से बेदखल नहीं कर सकता। उन्होंने जेपी आंदोलन (1974), जनता पार्टी (1977) और जनता दल (1989) के रास्ते बिहार की राजनीति में करिश्माई नेतृत्व, स्वीकार्यता और लोकप्रियता अर्जित की। फिर एक खास परिस्थिति में राजद (1997) का गठन किया। यह उनके सक्रिय राजनीतिक हस्तक्षेप से अर्जित आत्मविश्वास की एक झलक थी। उसी दौर में केंद्र-राज्य के मद्देनजर झटकते हुए उन्होंने एलान किया कि वे घुटनना टेक नहीं बल्कि सीनातान मुख्यमंत्री हैं। इस प्रकार उनके नेतृत्व उभार से स्थापित होने में स्पष्टवादिता एक रोचक पक्ष रही है।उनकी भूमिका मंडल आयोग रिपोर्ट को लागू कराना हो या आडवाणी को गिरफ्तार कर बिहार में रथयात्रा से संभावित दंगों को रोकने में हो, दोनों परिघटनाओं ने लालू प्रसाद यादव को पिछड़ों-अकलियतों के बीच बेहद लोकप्रिय बना दिया था। अपनी करिश्माई एवं जनवादी नीतियों के मद्देनजर वे समाजवाद, सामाजिक न्याय और सौहार्द के मुखर प्रवक्ता बन चुके थे। अपनी वाकपटुता और जन-संपर्क से राष्ट्रीय राजनीति में भी वे सदैव अग्रणी भूमिका में रहते थे। लगभग एक दशक (2005-15) तक विपक्ष में रहने के बाद जब राजद सत्ता में वापस राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने संघ प्रमुख मोहन भागवत आरक्षण समीक्षा की बात को चुनाव प्रचार में भाजपा विरोध अस्त्र बनाने सफल रहे। परिणामस्वरूप भाजपा को करारी शिकस्त मिली।राजद सबसे बड़े दल रूप में जीत हासिल की और तेजस्वी प्रसाद यादव विधायक दल के नेता निर्वाचित हुए। महागठबंधन सरकार में उपमुख्यमंत्री भी बने। लालू प्रसाद यादव की अनुपस्थिति उन्होंने एनडीए के खिलाफ बिहार विधानसभा (2020) चुनाव पढ़ाई, कमाई, दवाई, सिंचाई और कारवाई को अभियान का मुख्य बिंदु बनाने में सफल रहे। लगभग सत्रह महीने के कार्यकाल में नौकरी, जाति गणना और आबादी के हिसाब से हिस्सेदारी को तय करने में तेजस्वी ने अहम भूमिका निभाया। जनवरी 2024 में नीतीश कुमार ने एक बार फिर महागठबंधन से नाता तोड़ा और राजद सरकार से बाहर हुए, लेकिन अल्पकालिक कार्यकाल में पांच लाख नौकरी देने के मुद्दे पर सभी जातियों के युवाओं के बीच तेजस्वी की स्वीकार्यता ज्यादा बढ़ती दिखी।

**-प्रो. नवल किशोर-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# नौ माताओं के पुण्य स्मरण के साथ पवित्र नव वर्ष आज

### पवित्र चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ के साथ हिंदू नव वर्ष की आप सभी को शुभकामनाएं अनंत बधाइयां



नवरात्रि का पहला दिन यानी प्रतिपदा तिथि मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री को समर्पित माना जाता है। इस दिन जौ (जवार)बोने तथा कलश स्थापना पूजन के साथ ही देवी का पूजन किया जाना शुभ माना जाता है। यह भी शास्त्रों में लिखा गया है कि प्रथम दिवस में माता की पूजा करते समय आराधक यदि लाल, गुलाबी,नारंगी और रानी रंग के कपड़े पहन कर पूजा करने से माता का संपूर्ण आशीर्वाद प्राप्त होता है। द्वितीय दिवस यानी नवरात्रि के दूसरे दिन अत्यंत दिव्य देवी ब्रह्मचारिणी की उपासना का विधान है सिद्धि के लिए इस दिन मां की उपासना करते समय सफेद,पीले रंग के कपड़े पहनना शुभ माना जाता है एवं इस पवित्र दिन में आराधना करने से मनवांछित इच्छाओं की प्राप्ति होती है। तृतीय दिवस में बाघ पर सवार स्वर्ण के समान रंग एवं छटा वाली मां चंद्रघंटा की पूजा की जाती है। इस दिन पीला, लाल, दूधिया या केसरिया रंग कपड़े पहनना शुभ माने जाते हैं एवं इन रंगों के कपड़े पहनकर देवी की आराधना करने से उनका आशीर्वाद एवं कृपा की प्राप्ति होती है। नवरात्रि में चतुर्थ दिवस में इस भव संसार के ब्रह्मांड की रचना करने वाली दुर्गा मां के चौथे रूप के रूप में देवी कुष्मांडा की आराधना एवं भक्ति की जाति है। इस दिन इस प्रकृति की देवी के स्वरूप की मन से आराधना करना शुभ फल देने वाला है एवं देवी प्रकृति की देवी हैं। इनकी उपासना इस दिवस में पीला ,हरा, लाल और भूरे रंग का वस्त्र पहनकर करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है, एवं देवी प्रसन्न होती हैं। नवरात्रि के पावन पर्व पर पंचम दिवस पर पंचमी तिथि को भगवान कार्तिकेय की माता देवी स्कंदमाता की आराधना एवं श्रद्धा के साथ पूजा की जाती है। नवरात्रि के इस पावन पर्व पर छठवें दिन ऋषि कात्यायन की पुत्री कात्यायनी मां की पूजा अर्चना का शास्त्रों में पूजा का विधान माना जाता है। माता कात्यायनी अमोघ फलदाईनी होती हैं भक्तों द्वारा इस दिन लाल, नारंगी, गुलाबी, गेरुआ, मूंगा रंग के कपड़े पहनकर माता रानी की पूजा करने से ऐश्वर्या के साथ वैवाहिक जीवन में शांति सुख समृद्धि प्राप्त होती है। दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा तथा अर्चना का विधान है। नवरात्रि की पूजा में तंत्र साधना करने वाले लोग इस दिन काले रंग का वस्त्र धारण करके इनकी पूजा अर्चना करते हैं। साधकों को इस दिन बैगनी, स्लेटी ,नीला एवं आसमानी रंग का वस्त्र धारण कर मां के इस दिव्य रूप की पूजा अर्चना करनी चाहिए जिससे संपूर्ण ग्रह बाधाएं दूर होती हैं। नवरात्रि के आठवें दिन सर्व सौभाग्य दाइनी देवी महागौरी की उपासना का दिन माना जाता है। यह अत्यंत पवित्र दिन होता है और यह देवी धन, वैभव, सुख, शांति की शक्तिशाली देवी मानी जाती हैं। इनकी पूजा के दौरान साधकों को रातों को केसरिया संतरी गुलाबी या लाल रंग के वस्त्र धारण करके पूजा करनी चाहिए जिससे सुख एवं सौभाग्य की अखंड प्राप्ति होती है। शिवरात्रि मैं माताओं के नौ रूपों में दुर्गा पूजा के नौवें तथा आखरी दिन संपूर्ण विधि विधान, रीति रिवाज और पूर्ण निष्ठा के साथ देवी की आराधना करने वाले साधकों को संपूर्ण सिद्धिया प्राप्त होती हैं और इनकी उपासना के समय हरा धागों को लाल गुलाबी नारंगी रंग के वस्त्र पहनने से समाज में पद प्रतिष्ठा वैभव एवं धन की प्राप्ति होती है।नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ रूपों का पूजन अर्चना एवं निष्ठा से की गई आराधना से इस जगत का कल्याण भी होता है साथ ही इस पवित्र 9 दिनों में असंख्य दीप जलाकर माता को प्रसन्न करने का प्रयास किया जाता है। नवरात्रि में उपवास रखने तथा विधि विधान से अर्चना करने से मनुष्य का जीवन तथा परलोक सफल होना शास्त्रों के अनुसार तय माना जाता है।



**संजीव ठाकुर,**
चौबे कॉलोनी ,
रायपुर छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# क्यों बार-बार अदालतों से फटकार खाती है ममता सरकार

### संदेशखाली मामले को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने बंगाल के प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी टीएमसी को भी बेहद तल्ख लहजे में फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि अगर संदेशखाली मामले में एक प्रतिशत भी सच है तो प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी इसकी है जिम्मेदार

देश में पश्चिम बंगाल एकमात्र ऐसा राज्य बन गया है जहां बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर अदालतों की सर्वाधिक फटकार और निर्देशों का सामना करना पडा है। अराजकता की ऐसी हालत एक दशक पहले तक कभी उत्तर प्रदेश और बिहार की हुआ करती थी। पश्चिम बंगाल में एक प्रदर्शन के दौरान सत्तारुढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तत्कालीन कांग्रेस नेता ममता बनर्जी के साथ जब बदसलूकी करी थी। इस पर ममता ने कम्युनिस्ट सरकार को उखाड़ फेकने की शपथ ली थी। ममता ने हिंसा और अराजकता से गुजर रहे बंगाल को कम्युनिस्टों से मुक्ति दिलाई। कम्युनिस्टों के खिलाफ जिस आंदोलन से ममता ने सत्ता की सीढिय़ां चढ़ी अब अपने विरोधियों को परास्त करने के लिए ममता ने वही रास्ता अपना लिया है। संदेशखाली की घटना के बाद हाईकोर्ट ने जिस तरह की टिप्पणी ममता सरकार के खिलाफ की है, उससे जाहिर है कि पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था रसातल में जा रही है। ममता की पार्टी तृणमूल का एकमात्र उद्देश्य रह गया है अपने विरोधियों की आवाज बंद करना, इसके लिए चाहे गैरकानूनी तरीकों का इस्तेमाल ही क्यों न करना पड़ा।

संदेशखाली मामले को लेकर आज कलकत्ता हाईकोर्ट ने बंगाल के प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी टीएमसी को भी बेहद तल्ख लहजे में फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि अगर संदेशखाली मामले में एक प्रतिशत भी सच है तो प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी इसकी जिम्मेदार है। कोर्ट ने कहा कि यह मामला बेहद शर्मनाक है। अदालत ने कहा कि हर नागरिक की सुरक्षा राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। कोर्ट ने कहा कि संदेशखाली मामले में जिला प्रशासन और पश्चिम बंगाल सरकार को खुद से नैतिक जिम्मेदारी लेना चाहिए। इतना ही नहीं कोर्ट ने कहा कि अगर इस मामले में एक प्रतिशत भी सच्चाई है तो यह शर्मनाक है और पूरा प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी इसके लिए नैतिक तौर पर 100 प्रतिशत जिम्मेदार हैं।

कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस टीएस शिवज्ञानम ने तल्ख लहजे में कहा कि अगर इसका एक भी एफिडेविट सही है तो यह शर्मनाक है। यह लोगों की सुरक्षा का मामला है। चीफ जस्टिस ने कहा कि अगर आप एससी-एसटीनेशनल कमीशन की रिपोर्ट देखेंगे तो उसमें अगर एक फीसदी भी सच है तो ये 100 फीसदी शर्मनाक है। वहीं इस दौरान एक अन्य जनहित याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि इस मामले में गवाहों को सुरक्षा प्रदान की जाए। सुरक्षा कारणों से कोई भी महिला अदालत में गवाही देने नहीं आई। एक अन्य याचिकाकर्ता की वकील प्रियंका टिबरेवाल ने कहा कि उनके पास अनेक महिलाओं ने यौन उत्पीडऩ् की शिकायत की है। ये लोग कह रहे हैं कि अगर महिलाओं ने बयान दिया तो उनके पति-बच्चों का सिर काटकर फुटबाल खेलेंगे। राज्य की ओर से वकालत करते हुए महाधिवक्ता (एजी) ने कहा कि हमें देखना होगा कि संदेशखाली में क्या हुआ। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने अपनी विश्वसनीयता खो दी है। सुप्रीम कोर्ट ने भी सीबीआई को पिंजरे में बंद तोता कहा था। सभी पक्षों की बातें सुनने के बाद मुख्य न्यायाधीश ने शाहजहां के वकील से सख्त लहजे में कहा कि आप एक आरोपित की ओर से सवाल पूछ रहे हैं। सबसे पहले अपने आस-पास की परछाइयों से छुटकारा पाएं। इसके बाद दूसरे लोगों की शिकायतों के बारे में बात करें। अगर हलफनामे में एक भी आरोप सच है तो वह भी शर्मनाक है। सरकार कहती है कि यहां महिलाएं सुरक्षित हैं। यदि हलफनामे में कोई आरोप साबित हो जाता है, तो ऐसे सभी दावे झूठे होंगे। हालांकि, सुनवाई पूरी होने के बाद भी हाईकोर्ट ने गुरुवार को फैसला सुरक्षित रख लिया। संदेशखली में ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर हमले के मास्टरमाइंड और तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख ने कहा था कि वह राजनीतिक साजिश का शिकार है। उसके खिलाफ लगाए गए आरोप झूठे हैं। उसे जानबूझकर फंसाया जा रहा है। पूछताछ के दौरान शाहजहां ने पांच जनवरी को संदेशखाली में केंद्रीय एजेंसी कर्मियों पर हमला करने वालों के साथ किसी भी तरह के संबंध से इन्कार किया था। शाहजहां ने अधिकारियों से कहा था कि वह इस हमले की दिल से निंदा करता है और चाहता है कि हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा मिले। ईडी ने शाहजहां से उसकी कंपनी सबीना एंटरप्राइजेज के जरिए काली कमाई को सफेद करने के मामले में पूछताछ की। जिस पर शाहजहां ने कहा कि सब झूठ है। अनुसूचित जाति-जनजाति के पैनल ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन की सिफारिश की थी इसके लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पैनल ने एक रिपोर्ट सौंपी थी। पैनल ने अपनी रिपोर्ट में कहा है था कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। पैनल का यह भी कहना था कि आरोपियों पर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कानून के तहत मुकदमा चलाया जाना चाहिए। देश में पश्चिम बंगाल ऐसा राज्य है जहां राज्यपाल ने केंद्र सरकार कई बार बिगड़े हालात की जानकारी दी है। विपक्षी दलों की शासित राज्यों में भी राज्यपालों और सत्तारुढ़ दल की सरकारों में अनबन होती रहती है, किन्तु संवैधानिक पद पर रहते हुए जितने खराब संबंध पश्चिम बंगाल में रहे हैं, उतने किसी भी राज्य में नहीं रहे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक चुनावी सभा में कहा कि जो लोग संदेशखाली की महिलाओं के उत्पीडऩ् के जिम्मेदार हैं, उनको अब अपना बाकी जीवन सलाखों के पीछे बिताना होगा। कूचबिहार में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हाल ही में पूरे देश ने देखा कि कैसे टीएमसी और राज्य सरकार ने संदेशखाली की महिलाओं का शोषण करने वाले लोगों को बचाया। लेकिन उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। जिन लोगों ने इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया है, उन्हें अब अपना शेष जीवन सलाखों के पीछे बिताना होगा।

चुनावी प्रचार के दौरान ममता बनर्जी पूर्व में भी जहर उगलने में पीछे नहीं रही है। ममता पूर्व में पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल करती रही है। ममता बनर्जी ने कूचबिहार रैली में यहां तक कह गईं कि आप जहरीले सांप पर भरोसा कर सकते हैं, लेकिन भाजपा पर नहीं। ममता बनर्जी ने कूच बिहार से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रामाणिक का नाम लिए बिना उनपर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि तुम मंत्री के नाम पर कलंक हो। ममता ने कहा कि राज्य सरकार के अधिकारियों का ट्रांसफर हो रहा है केंद्रीय एजेंसी का कितना ट्रांसफर हुआ? उन्होंने कहा कि भातपा निर्वाचन के कोड नही मानती। उन्होंने आरोप लगाया कि शीतलकुची में जिसने गोली मारकर हत्या किया वो अभी बीरभूम में बीजेपी प्रार्थी बन गया। ममता ने आरोप लगाया कि 3 सालों से आवास योजना का पैसा नहीं दिया जा रहा है। सड़क के पैसे नहीं दिए जा रहे हैं। पहले 100 दिन के काम पर बंगाल एक नंबर पर था। पश्चिम बंगाल में शायद ही कोई ऐसा चुनाव रहा हो जहां हिंसा का तांडव नहीं हुआ हो। चुनाव आयोग के तमाम सख्त प्रयासों के बावजूद पश्चिम बंगाल चुनाव के दौरान हिंसा का शिकार रहा है। वर्ष 2023 में हुए पंचायत चुनाव के मतदान के दौरान चुनावी हिंसा में 17 लोगों की जान गई। तृणमूल कांग्रेस का दावा था कि चुनावी हिंसा में सबसे ज्यादा उनके कार्यकर्ताओं की हत्या हुई। मरने वालों में 60 फीसदी उनके कार्यकर्ता हैं, जबकि विपक्षी पार्टियों ने चुनाव हिंसा को लेकर ममता बनर्जी की सरकार और चुनाव आयोग पर निशाना साधा। देखना यही है कि हिंसा से त्रस्त रहे पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग कैसे शांतिपूर्ण और निर्विघ्न चुनाव सम्पन्न कराता है।

**-योगेन्द्र योगी-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# एक समारोह ऐसा भी

बड़े से बड़े समारोह, इवेंट्स देखे जहां या तो स्टेज पर बैठे 7 से 8 व्यक्तियों की सम्मान प्रक्रिया ,फिर उनके उद्धबोधन जिसमें ही सारा वक्त लग जाता है फिर झटपट सम्मान देने की दौड़ शुरू हो जाती है।

कहीं कहीं बड़े,छोटे फ़िल्म स्टार, टेलीविजन स्टार का घंटों का इंतज़ार और फिर अपनी जान पहचान, स्पॉन्सर्स आदि का सम्मान और फिर वही भागम भाग दौड़ सम्मान देने की अन्य लोगों को । और ये दोनों तरह के समारोह ही ज़्यादा होते हैं जहाँ सम्मानित होने वाले व्यक्ति को छोड़ सबकी आवभगत होती है।

पर यह सम्मान समारोह बिल्कुल ही हट कर था जिसे नई दिल्ली के लाजपत भवन में आयोजित किया गया शेड्स ऑफ इंडिया द्वारा। दीप प्रज्वलन के बाद स्लम एरिया की बच्ची द्वारा गणेश वंदना , मैगज़ीन का लांच और सीधे सम्मान प्रकिया शुरू और बेहद ही आराम, प्रेम और विनम्रता से।

फिर दिल को छू लेने वाली प्रस्तुति हुई फैशन शो की कोई व्हील चेयर पर था, किसी का एक हाथ नहीं था, कोई बैसाखीयों पर था, कोई ठीक से चल नहीं पाता था, एक लड़की दोनों आँखों से देख नहीं सकती थी , दो लोग बोने थे पर उनका जोश, आत्मविश्वास देखते ही बनता था। शरीर में कमी का चेहरे और हौंसले पर शिकन तक नहीं। दिल और आत्मा को छू गई इन सबकी प्रस्तुति।

ठीक इसके बाद नुक्कड़ नाटिका प्रस्तुत हुई स्टेज पर जिस पर उन मुद्दों को उठाया गया जिसके बारे में लोग या तो बात करने से कतराते हैं या उपहास करते हैं जैसे लेसबियन, ट्रांसजेंडर जिन्हें समाज में न कोई अपनाना चाहता है न ही कोई मान्यता देना चाहता है पर उस पर ताने ज़रूर कसेंगे, बातें ज़रूर बनाएंगे इस बात को बखूबी दिखाया गया। इसी के साथ बेहद संवेदनशील मुद्दे को भी बखूबी दिखाया गया लड़कों के साथ लड़के ही कैसे उसका शारीरिक व मानसिक शोषण करते हैं स्कूल,कॉलेज या अन्य जगह की शर्म और पीड़ा के मारे आत्महत्या तक कर लेते हैं बच्चे। क्योंकि आखिर किस से बात करें इस बारे में। बेहद ही ह्रदय विदारक स्थिति जिसका बखूबी मंचन हुआ स्टेज पर सबको स्तब्ध और सुन्न करता हुआ।

इसके उपरांत फिर कुछ सम्मान वितरित हुए और उसके बाद फिर से एक अनूठा प्रयास फैशन शो ट्रांसजेंडर के माध्यम से। ये लोग भी जीवन में कितना कुछ सहते हैं, कितनी कड़वी बातें सुनते हैं और किस किस दर्द से गुज़रते हैं पर फैशन शो में इन सभी को देखकर कौन ही कह सकता है ये किसी से कम हैं। सभी ने मंत्र मुग्ध कर दिया अपने पूरे जोश से।इस लिए हमने कहा एक समारोह ऐसा भी जहाँ ऐसे मुद्दों को जीवंत किया गया और जिन्हें समाज नकारा समझता है या दुत्काराता है उन्हें मंच दिया अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया। एक समारोह ऐसा भी जो दिखावे, शो बिज़ से कोसों दूर सच्चा और समाज को पूर्ण रूप से समर्पित जिसका पूरा का पूरा श्रेय जाता है नीतू सविता अरोड़ा व राखी तंवर जिन्होंने इतने खूबसूरत आयोजन का आयोजित किया और एक मिसाल बने की समारोह ऐसे भी होते हैं।



**मीनाक्षी सुकुमारन**
नोएडा,
उत्तरप्रदेश

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## चैत्र नवरात्रि

आओ अपने नव वर्ष की,
नवीन मंगलमय शुरुआत करें,
चैत्र कृष्ण पक्ष प्रतिपदा तिथि से,नवरात्रों में
देवी गुणगान करें सुख,संपत्ति, स्वास्थ्य,
सम्पन्ता, साहस का वरदान पाएं,चैत्र नवरात्रों
में शेरावाली को हम चितमन से ध्याएं
शैलपुत्री, ब्रह्मचारी,चंद्रघंटा,
कुष्मांडा, स्कंदमाता,
कात्यायनी, कालरात्रि,महागौरी,सिद्धिदात्री
जग विख्याता।
इन नौ रूपों में नौ दिन
मैया की करें आराधना,
भक्तिपूर्वक शक्ति की करें हम दिव्य साधना
दयामयी देवी सभी दुखों का करती है अंत,
आनंदमय माई भरती है
जीवन में मधुर मकरंद ।
महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती रूपा,
प्रवाहित करती जीवन में शक्ति,
धन- धान्य, ज्ञान बहू रूपा ।
क्षमा करती देवी, संचित कर्मों का अपराध,
शरणागत जन पाता, माता से सुख प्रसाद ।
प्रसन्न हो माता बरसाती, जीवन में अमृत वैभव,
तन-मन भरती संजीवनी आनंद,
अंतःकरण जगमग दीपोत्सव।
नवरात्रों में हम झूम-झूम गाए देवी गीत,
हिलमिल मनाएं शेरोवाली को,
घर-घर गूंजे ये संगीत ।
ऋषि - मुनि, देवी -देवता,
सब करते माता से प्रार्थना,
हे जगदम्बे, अंबे ! पूरण करो भक्त की
सच्ची मनोकामना ।



**मोनिका डागा आनंद ,**
चेन्नई ,
तमिलनाडु

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



## खिलौना

रोते विलाप करते,
जन मांगे दया का हाथ!
बन खिलौना चलता,
खेलता धरा के साथ!!
खिलौना बना मनुज,
लोग कर रहा उपहास!
छीनते हरितिमा हम,
करें हम सभी आभास!!
मनुज तन तुम्हारी,
देन ईश्वर की भारी!
इसकी खेल देखते,
सोचते दुनिया सारी!!
मात देत खिलौना,
बाल समझता उपहार!
मिटती सब भ्रांति,
संतति से करती प्यार!!
जिंदगी बना मैदान
खिलाड़ी तो हर इंसान!
स्पर्धी तो सहस्त्र है,
जीता तो उसकी सान!!
हर पग पर है मैदान,
क्या खेलोगे जान!
संघर्ष से भरा खेल,
खुद को तुम जज मान!!



**लक्ष्मी नारायण सेन**
खुटेरी फिंगेश्वर गरियाबंद
(छत्तीसगढ़)

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## मंगल कर दो भोले

मंगल-मंगल कर दो भोले,
जन-मन सब हर्षाएं भोले,
और कहीं भी मन ना डोले,
बस गाएं सब भोले-भोले।
मंगल-मंगल....
अमन,चैन और शांति के पथ,
हवा बहे बस मंद-मंद-सी,
धड़कन की धूरी पर धड़के,
भक्ति अगन जले बहुरंग की।
मंगल-मंगल ....
महक उठे ये सारी काया,
जब-जब साथ भोले का पाया,
भक्ति छांह मिले भोले की,
मन ना कहीं फिर हो भरमाया।
मंगल-मंगल .....
न अर्थ बंधनों में उलझाना,
न सत्य कर्म से भटकाना,
बस रस धार बहे अम्रत-सी,
ऐसा तुम भोले नीर बहाना।
मंगल-मंगल ...
मैं शरण तेरी जब आऊं भोले,
बढ़कर बांह उठा लेना,
मैं शीश चरण धर जाऊं भोले,
भवसागर पार लगा देना।
मंगल-मंगल .....
आओ हम सब करें कामना,
मां दुर्गा और भोले से,
सकल विश्व में सुख-शांति हो,
हर पल बीते मुस्कानों से।
मंगल-मंगल ....



**कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी राम**
गांधीनगर, इन्दौर,मध्यप्रदेश

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## चुनई

आथे चुनई के समय,
करथे वादा पोठ ।
सबके मन ला मोहथे,
मीठ-मीठ कर गोठ ।।
मीठ-मीठ कर,गोठ सबो ला,
नेता फाँसय ।
पद ला पाके,राजा बनके,
मुच-मुच हाँसय ।।
पाँच साल बर,वोट माँगथे,
किरिया खाथे ।
हाथ जोड़थे, नेता हा जब,
चुनई आथे ।।



**मुकेश उइके मयारू**
चेपा, पाली,
कोरबा
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# चैत्र नवरात्रि आज...से पूरे 9 दिनों तक माता रानी की आराधना में लीन रहेंगे श्रद्धालु





- संवाददाता -
अंबिकापुर,08 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

चैत्र नवरात्रि शुरूआत मंगलवार से हो रही है। इस वर्ष पूरे नौ दिनों की नवरात्रि है। नवरात्रि की समाप्ति 17 अप्रैल को होगी। नवरात्रि को लेकर देवी मंदिरों में तैयारी पूर्ण कर ली गई है। नवरात्र के पहले दिन से ही देवी मंदिरों में मातारानी के दर्शन के लिए भक्तों का रेला उमड़ेगा।

प्रथम दिन देवी मंदिरों व शक्तिपीठों में भी ज्योति कलश प्रज्वलित होंगे। शहर के मां महामाया मंदिर, दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। महामाया मंदिर के पुजारी ने बताया कि इस वर्ष पिछले वर्षों की तुलना में मनोकामना ज्योति कलश के लिए ज्यादा रशीद काटे गए हैं।

उन्होंने बताया कि महामाया मंदिर में कुल 46 सौ से ज्यादा ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाने की उम्मीद है। वहीं गांधी चौक स्थित दुर्गा मंदिर में भी चार हजार के करीब ज्योति कलश प्रज्वलित होने का अनुमान है। मनोकामना ज्योति कलश का रशीद कटाने भक्त शहर सहित काफी दूर-दूर से पहुंच रहे हैं। महामाया मंदिर में सुबह की आरती 5.15 बजे व शाम की आरती 7.30 बजे होगी। महामाया मंदिर में नवरात्रि के पहले दिन काफी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का उम्मीद है। इसे लेकर मंदिर समिति द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। श्रद्धालुओं को मां के दर्शन के लिए अपनी बारी का इंतजार करना पड़ेगा। लोग कतार में खड़े होकर मां के दर्शन कर पाएंगे। दर्शन के दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी न हो, इसके लिए मंदिर समिति द्वारा पूरी तैयारी की गई है। महामाया मंदिर के पुजारी ने बताया कि इस वर्ष पूरे 9 दिनों की नवरात्रि है। इस वर्ष मां महामाया के दर्शन-पूजन मंदिर परिसर के अंदर से श्रद्धालु कर सकेंगे। वहीं इस वर्ष महामाया मंदिर में 3025 तेल व 1600 घी के ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाने का अनुमान है। इसी तरह गांधी चौक स्थित दुर्गा मंदिर में भी चार हजार से ज्यादा ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाने का अनुमान है। वहीं मंदिरों में इस वर्ष मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को पूरी छूट रहेगी।

### ज्योति कलश के लिए घी का 1501 व तेल 601 रुपए

महामाया मंदिर में नवरात्रि के अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। किसी तरह की कोई अप्रिय घटना न हो और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात किए जाएंगे। वहीं समिति द्वारा भी सुरक्षा के दृष्टिकोण से महामाया मंदिर परिसर में 13 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। महंगाई काफी चरम पर है। इसका असर पूजा-पाठ पर भी दिखना शुरू हो गया है। हालांकि मंदिर समिति द्वारा ज्योति कलश रशीद के शुल्क कोई बढ़ोतरी नहीं की गई। घी के ज्योति कलश के लिए 1501 जबकि तेल के ज्योति कलश प्रज्वलित करने वाले श्रद्धालुओं से 601 रुपए शुल्क लिया जा रहा है।



## 'जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिये समाज के युवा करें काम'

» गोंड समाज का संभाग स्तरीय सम्मेलन

- संवाददाता -
धौरपुर, 08 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

गोंड समाज का संभाग स्तरीय सम्मेलन जनपद पंचायत लुण्ड्रा के ग्राम पंचायत करौली(धौरपुर) में समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में आयोजित हुआ। गोंड समाज के सामूहिक नेतृत्व में हुए आयोजन का मुख्य उद्देश्य सामाजिक एकता, शिक्षा के प्रति समाज में जागरुकता और बाल विवाह जैसी कुरीतियां को दूर करना था। जनपद पंचायत लुंड्रा के अध्यक्ष गंगा राम पैकरा ने जानकारी देते हुए बताया सरगुजा संभाग के सभी कोने से समाज के मुखिया लोगों ने युवा पीढ़ी को गोंद समाज के गौरवशाली इतिहास की जानकारी दी। युवाओं को सामाजिक कार्यो में जुडने, जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिये काम करने और अपनी राजनीतिक मजबूती को बनाये रखने पर बल दिया। सम्मेलन में पूर्व सांसद कमलभान सिंह, पूर्व विधायक विजयनाथ सिंह ,जिला पंचायत अध्यक्ष मधु सिंह,लोकसभा चुनाव में समाज से प्रत्याशी शशि सिंह कोर्राम, शक्कर कारखाना अध्यक्ष विद्यासागर सिंह, विरेंद्र सिंह, कमला प्रसाद, शिवचरण सिंह, एपी सांडिल्य, धरमसाय ,विजयसिंह, शिवशंकर सिंह, विरोध राम,उपेंद्र सिंह,अनुप टेकाम, रामप्रकाश पोर्ते,दारा सिंह,त्रिभुवन सिंह, गोविंद सिंह उईके,अमृत सिंह मरावी, गोवर्धन सिंह, दीपनारायण सिंह, संशोधन सिंह जी, पूरन टेकाम, समुंदर साय, देवस प्रताप सिंह, परशुराम राम, अमरपति सिंह, अभिषेक पावले, रामनीवास टेकाम सहित समान के गणमान्य जन शामिल हुए।

## शहर में दो सांपों के मिलन का दुर्लभ नजारा देखने उमड़े लोग

- संवाददाता -
अंबिकापुर,08 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।



शहर के गेहूं बाड़ी फुलवारी मार्ग के किनारे झाड़ियों में सोमवार को दो सांपों का मिलन देखने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। ऐसा कहा जाता है कि दो सांपों का मिलन दुर्लभ पल होता है, जो आसानी से देखने को नहीं मिलता। जानकारों के मुताबिक सांपों का मीटिंग पीरियड अप्रैल माह ही होता है। सांपों का मिलन ऐसे स्थान पर होता है जो हलचल से दूर शांत होता है। सांप ठंड के मौसम में अधिक समय तक जमीन के अंदर बिल में रहना पसंद करते हैं , और गर्मी आने पर बाहर आ जाते हैं। अंबिकापुर के पुराना बस स्टैंड के आगे फुलवारी मार्ग के ठीक बगल में सांपों के मिलन का दुर्लभ नजारा देखने को मिला। इस दृश्य को देखने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

## नौकरी लगवादेने के नाम पर 10 लाख रुपए ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 08 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।



महिला बाल विकास अधिकारी के पद पर नौकरी लगवादेने का झांसा देकर 10 लाख रुपए की ठगी की गई थी। इस मामले में गांधीनगर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरा आरोपी अभी भी फरार है। दोनों आरोपियों ने मंत्रालय में जान पहचान होने की बात बताई थी। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार विनोद गुप्ता शहर के मिशन चौक केदारपुर का रहने वाला है। यह अपनी बेटी का नौकरी लगवाना चाह रहा था। इसकी पूर्व से संजय गुप्ता व किशोर गुप्ता से जान पहचान थी। इन दोनों ने विनोद गुप्ता को उसकी दो बेटियों की नौकरी लगवा देने की बात कही थी। इसके लिए दोनों आरोपियों ने विनोद गुप्ता से नगदी 7 लाख व 3 लाख रूपये बैंक खातों के माध्यम लिया था। इसके बाद दोनों आरोपियों ने न तो नौकरी लगवाया और न ही रुपए वापस कर रहे थे। विनोद गुप्ता ने फरवारी में मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई थी। पुलिस दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी संजय गुप्ता उम्र 54 वर्ष निवासी जेन बेकरी गली मिशन चौक केदारपुर को गिरफ्तार किया है। वहीं किशोर कुमार गुप्ता अभी भी फरार है। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस ने गिरफ्तार संजय गुप्ता के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस 7 अप्रैल 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार '

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,08 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर में क्वीज प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित किया गया। राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता में 393 मेडिकल कॉलेज एवं 26 हजार से ज्यादा छात्रों ने भाग लिया, इस अवसर में राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी



सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के अधिष्ठाता डॉ. श्री रमणेश मूर्ति द्वारा छात्रों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं को अंतिम व्यक्ति तक किस तरह पहुँचाया जाये, इसके महत्व को बताया । सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग एवं इंडियन एशोसिएसन ऑफ प्रिवेन्टिव एंड सोशल मेडिसीन के राष्ट्रीय एवं जोनल संगठन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में विभागाध्यक्ष डॉ. हेमलता ठाकुर, डॉ आभा एक्का, सहङ्कप्राध्यापक, डॉ. भावना पाण्डे, सहायक प्राध्यापक, डॉ प्रणव, डॉ. जाविद, डॉ. एन, डॉ. गजेन्द्र एवं डॉ. नन्दराज द्वारा सफलता पूर्वक संचालित किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्रा स्वेता लकडा, स्टेनजिन, तरूणा खत्री की टीम को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ । विश्व स्वास्थ्य दिवस 2024 गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं, स्वास्थ्य शिक्षा, शुध्द जल, पर्यावरण, पोषण एवं बेहतर जन स्वास्थ्य सुविधाएं के बारे मे आमजन को अपने अधिकारों के प्रति सचेत करने के लिए प्रोत्साहित करता है । जन स्वास्थ्य जागरुकता के माध्यम से इस विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य अधिकार सप्ताह विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों पर 07 अप्रैल से 14 अप्रैल तक ÷हमारा स्वास्थ्य हमारा अधिकार÷ विषय पर आयोजित किया जा रहा है।

## पहले फर्जी पट्टा बनवाया फिर 27 एकड़ भूमि पर किया कब्जा

- सवाददाता -
बतौली,08 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के मैनपाट के जंगल में 5 एकड़ जमीन का पट्टा बनवाकर 27 एकड़ भूमि पर अतिक्रमण करने का मामला सामने आया है। राजस्व व वन विभाग की संयुक्त टीम ने मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। शुरूआती जांच में अतिक्रमण की शिकायत सही पाई गई है तथा पट्टे के निरस्तीकरण की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। मौके से खुंटें व फेंसिंग तार को जब्त कर लिया गया है।



मैनपाट और बतौली के सर्किल क्रमांक 9/2470 में मिलीभगत कर पहले 5 एकड़ जमीन का फर्जी पट्टा तैयार किया गया। इसके बाद पट्टे की आड़ में 27 एकड़ भूमि पर अतिक्रमण कर लिया गया था। जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा की गई थी। वहीं सीतापुर एसडीएम रवि राही ने टीम को मामले की जांच के निर्देश दिए थे।

एसडीएम के निर्देशानुसार बतौली तहसीलदार तारा सिदार, वन विभाग के एसडीओ पांसो मिश्रा, सीतापुर रेंजर विजय तिवारी, उद्यान विभाग के अधिकारी मैनपाट के सर्किल क्रमांक 9/2470 में जांच करने पहुंचे।

जांच में ग्रामीणों की शिकायत सही पाई गई। वन अमले ने अवैध कब्जा के लिए रखे गए खुंटे और फेंसिंग तार को अपने कब्जे में लिया।

### पूर्व सरपंच है मामले में संलिप्त

जांच में इस बात को सही पाया गया कि पूर्व सरपंच द्वारा मैनपाट और बतौली सर्किल के 9/2470 कंपार्टमेंट में फर्जी तरीके से 5 एकड़ भूमि का पट्टा मिलीभगत कर बनवाया गया है।

इस पट्टे को जांच टीम द्वारा निरस्त करने करने की बात कही गई है। वहीं घने जंगल के बीचों-बीच भूमि का पट्टा वन विभाग द्वारा पूर्व सरपंच को प्रदान करना सवालों को घेरे में है।

### उद्यानिकी विभाग भी सवालों के घेरे में

इस मामले में उद्यानिकी विभाग भी सवालों में घिर चुका है। उद्यानिकी विभाग द्वारा भी चार मृत व्यक्ति के नाम पर बिना जांच किए ही फेंसिंग तार और खुंटों के लिए लोन पास किया गया था। इसमें पूर्व सरपंच राजनाथ को भी लोन प्रदान करना सवालों को घेरे में है। इस मामले में अब अधिकारियों पर कार्रवाई की तलवार लटक रही है।

### जांच में अवैध रूप से कब्जा की बात

अभी जांच प्रक्रिया चल ही रही है। जो तथ्य सामने आए हैं, उनमें घने जंगल में अवैध रूप से कब्जा पाया गया। उद्यान विभाग द्वारा मृतकों के नाम पर लोन दिए जाने की बात भी सामने आई है। फिलहाल जांच टीम द्वारा वन पट्टे के निरस्तीकरण तथा घेराव किए गए फेंसिंग तार और खुंटों को जब्त किया गया है।

तारा सिदार, तहसीलदार, बतौली

## पति ने टांगी से हमला कर पत्नी को उतारा मौत के घाट,गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 08 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।



पत्नी की हत्या के मामले में सीतापुर पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार रेगतु राम सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम डूमरपारा का रहने वाला है। 7 अप्रैल को रेगतु व उसकी पत्नी सखापति दोनों शराब के नशे में थे। इस दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। गुस्से में आकर रेगतु ने घर में रखे टांगी से पत्नी के सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में हमला कर दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रेगतु राम के भतीजा माधो राम ने मामले की रिपोर्ट 8 अप्रैल को सीतापुर थाना में दर्ज कराई थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की और शव को पीएम के पश्चत परिजन को सौंप दिया था। वहीं पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। मामले के निराकरण में निरीक्षक भरतलाल साहू, सउनि शिवचरण साहू, प्रधान आरक्षक रामबचन, आरक्षक धनकेश्वर यादव, दिलसुख लकड़ा, रामसाय नागेश, पंकज देवांगन इत्यादि कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## तृतीय चरण में सरगुजा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत अधिसूचना की तिथि 12 अप्रैल एवं प्रारूप 12घ में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 08 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनिवार्य सेवाओं के रूप में 10 सेवाएं अधिसूचित की गई हैं, जिनमें स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, मीडियाकर्मी जिन्हें आयोग की अनुमति से प्राधिकार पत्र जारी किए जायेंगे, रेल परिवहन, बीएसएनएल, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, दूरदर्शन, ऑल इण्डिया रेडियो, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भारतीय खाद्य निगम शामिल हैं। अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किए जाने से ऐसे कर्मचारी मतदाता, जो शासकीय ड्यूटी के कारण मतदान की तिथि को मतदान केन्द्र पर जाकर अपना वोट नहीं डाल पाते हैं, केवल उनके लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की गई है। ऐसे सभी कर्मियों को प्रारूप 12घ पर निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के 5 दिनों के भीतर संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

प्रारूप 12घ के भाग 1 के साथ-साथ जिला स्तर पर नियुक्त विभाग के नोडल अधिकारी द्वारा इस आवेदन को भाग 2 में सत्यापित किया जाएगा। आवेदन के साथ वोटर आईडी कार्ड का छायाप्रति भी संलग्न करना होगा। नियत तिथि तक प्राप्त होने वाले सभी पात्र अनुपस्थित अनिवार्य श्रेणी के आवेदनों के आधार पर जिले में पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापित कर इनका डाक मतपत्र के माध्यम से





मतदान, मतदान दिवस के पूर्व ही करवाया जाएगा। ऐसे सभी मतदाता मतदान दिवस को मतदान केंद्र पर अपना वोट नहीं डाल सकेंगे। इसलिए इन सेवाओं के ऐसे व्यक्ति जो मतदान के दिन मतदान केंद्र जाकर अपना वोट डालने में सक्षम है, उन्हें इस सुविधा की पात्रता नहीं होगी और उन्हें आवेदन फॉर्म 12घ नहीं भरना होगा। जो भी व्यक्ति प्रारूप 12घ में आवेदन करेंगे, उन्हें जिले में स्थापित पोस्टल वोटिंग सेंटर पर ही मतदान की व्यवस्था से अवगत कराया जाएगा। पोस्टल वोटिंग सेंटर में मतदान हेतु नहीं जा सकने पर वे अपने मतदान के अधिकार से वंचित हो जायेंगे। उन्हें मतदान केन्द्र पर मतदान दिवस को अपना मत दर्ज करने की पात्रता नहीं होगी। इसलिए जो व्यक्ति मतदान दिवस को मतदान केन्द्र पर जाकर अपना वोट डालने हेतु सक्षम होंगे, वे प्रारूप 12घ नहीं भरेंगे। जिला स्तर पर अधिसूचित अनिवार्य सेवाओं के नोडल अधिकारियों द्वारा यथा शीघ्र पात्र व्यक्तियों के आवेदन प्राप्त कर इसे जिले में डाक मतपत्र हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों को प्रदाय किया जायेगा। बता दें कि छत्तीसगढ़ राज्य में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत निर्वाचन तीन चरणों में होगा जिसमें तृतीय चरण में सरगुजा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत अधिसूचना की तिथि 12 अप्रैल एवं प्रारूप 12घ में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल 2024 है। प्रारूप 12घ में आवेदन के दौरान संबंधित कर्मचारी का मोबाईल नंबर, वोटर आईडी नंबर एवं निर्वाचक नामावली की भाग संख्या एवं सरल क्रमांक सही दर्ज करना अनिवार्य है। निर्वाचक नामावली में कर्मचारी का अद्यतन भाग संख्या एवं सरल क्रमांक पता करने हेतु वोटर हेल्पलाइन एप्प का उपयोग किया जा सकता है।

## चैत्र नवरात्रि पर यातायात व्यवस्था सुदृण करने रूट चार्ट की गई जारी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,08 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।


चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मां महामाया मंदिर दर्शन के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन होना है। यातायात व्यवस्था सही नहीं होने के कारण श्रद्धालुओं को काफी परेशानी होती है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए सरगुजा पुलिस द्वारा पूरी तैयारी की गई है।




खासतौर चारपहिया एवं दुपहिया वाहनों के पार्किंग व्यवस्था चिन्हांकित किया गया है। एवं इस दौरान चारपहिया, भारीवाहनों के आवागमन के लिए अलग-अलग रूट निर्धारित किए गए हैं। चैत्र नवरात्रि 9 से 17 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान मां महामाया मंदिर दर्शन हेतु श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग व्यवस्था दुपहिया वाहन हेतु हॉटल इन्द्रवाटिका के सामने एवं चारपहिया वाहन महामाया मंदिर के सामने ऊपर ग्राउण्ड में निर्धारित की गई है। सभी चारपहिया व भारी वाहन हेतु मार्ग चांदनी चौक से घुटरापारा होते हुए मंदिर के सामने ऊपर ग्राउण्ड में पार्किंग व्यवस्था इसके अलावा रायगढ़ रोड़ से श्रीगढ़ मार्ग होते हुए मंदिर के सामने ऊपर ग्राउण्ड में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। नवरात्रि के दौरान सद्भावना चौक से मां महामाया मंदिर की ओर जाने वाली चारपहिया व भारी वाहन पूर्णतः आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए सरगुजा पुलिस ने लोगों से अपील की है।

# पहले ही दौरे पर शहबाज को सऊदी अरब से झटका

# कहा...कश्मीर के मुद्दे पर भारत से वार्ता करे पाकिस्तान

**जेद्दा,08 अप्रैल 2024।** पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इन दिनों अपने पहले विदेश दौरे पर हैं। उन्होंने नवाज और इमरान की राह पर चलते हुए अपने पहले विदेश दौरे के लिए सऊदी अरब को चुना। हालांकि कश्मीर मुद्दे को लेकर सऊदी अरब ने शहबाज को करारा झटका दिया है। सऊदी अरब ने साफ किया है कि कश्मीर का मुद्दा भारत और पाकिस्तान का द्विपक्षीय मुद्दा है। साथ ही उसने पाकिस्तान को यह भी सलाह दी है कि वह नई दिल्ली से बातचीत के लिए इस मुद्दे का हल निकाले। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस ने साझा बयान में अन्य मुद्दों के हल के लिए भी वार्ता के महत्व पर जोर दिया है।

बता दें कि यह साझा बयान शहबाज की यात्रा के क्रम में आया है। सऊदी अरब के कश्मीर को लेकर दिए गए बयान को पाकिस्तान के लिए एक बड़े झटके के रूप में देखा जा रहा है,दरअसल पाकिस्तान यूएन सहित अन्य वैश्विक मंचों पर कश्मीर का मुद्दा उठाता रहा है। वह यूएन के तत्वाधान में जनमत संग्रह का राग भी अलापता रहा है, हालांकि भारत ने हमेशा से ही इसका विरोध किया है और इसे द्विपक्षीय मुद्दा बताया है। नई दिल्ली का लंबे समय से रुख रहा है कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच मुद्दा हम दो देशों का है और किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता या हस्तक्षेप का कोई सवाल ही नहीं है।

गौरतलब है कि पांच अगस्त, 2019 को भारत द्वारा कश्मीर में लागू संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और जम्मू और कश्मीर की विशेष स्थिति को रद्द करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद दोनों देशों के बीच संबंध खराब हो गए थे। भारत के इस फैसले पर पाकिस्तान ने कड़ी प्रतिक्रिया दी थी। साथ ही भारतीय दूत को बाहर कर दिया था।

### विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर हुई चर्चा

साझा बयान में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सऊदी शासक प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के बीच 7 अप्रैल को मक्का के अल-सफा पैलेस में आधिकारिक बैठक के बारे में भी जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि दोनों के बीच संबंधों को और मजबूत करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने और इसके लिए नए रास्ते तलाशने पर जोर दिया गया। इसके अलावा शहबाज और सऊदी के क्राउन प्रिंस के बीच कश्मीर सहित क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की गई। इसमें कहा गया कि दोनों पक्षों ने क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए दोनों देशों ने लंबित मुद्दों, खास तौर पर जम्मू और कश्मीर विवाद को हल करने के लिए पाकिस्तान और भारत के बीच बातचीत के महत्व पर जोर दिया।

### 5 बिलियन डॉलर के निवेश पैकेज को लेकर जताई प्रतिबद्धता

बयान के मुताबिक, सऊदी के क्राउन प्रिंस ने इस दौरान शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद के लिए शुभकामनाएं दीं। इस पर शहबाज ने क्राउन प्रिंस के समर्थन और आतिथ्य के लिए आभार जताया। साथ ही शहबाज ने द्विपक्षीय संबंधों में और प्रगति के लिए अपनी प्रतिबद्धता भी जताई। वार्ता के दौरान दोनों नेताओं के बीच, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था में सऊदी अरब की सहायक भूमिका पर भी जोर दिया गय। इसके अलावा, दोनों पक्षों ने 5 बिलियन डॉलर के निवेश पैकेज के पहले चरण में तेजी लाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

### गाजा की स्थिति पर भी हुई चर्चा

इस दौरान दोनों नेताओं ने गाजा में चिंताजनक स्थिति पर भी चर्चा की। साथ ही उन्होंने गाजा में इस्राइली सैन्य अभियानों को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों का आग्रह किया। उन्होंने सुरक्षा परिषद और महासभा के प्रासंगिक प्रस्तावों के साथ-साथ अरब शांति पहल के अनुसार शांति प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर चर्चा की। इसके साथ ही शहबाज शरीफ ने बिन सलमान को पाकिस्तान की आधिकारिक यात्रा के लिए आमंत्रित किया, जिसे क्राउन प्रिंस ने स्वीकार कर लिया।




## चीन ने अमेरिका पर लगाए आरोप-हमारे छात्रों को जबरदस्ती देश से निकाला गया, जवाबी कार्रवाई की चेतावनी

**बीजिंग,08 अप्रैल 2024।** चीन और अमेरिका के बीच एक बार फिर से रिश्तों में तल्खी देखी जा रही है। चीन ने अमेरिका पर चीनी छात्रों को बिना किसी सबूत के जबरन निर्वासित करने का आरोप लगाया है। इस बारे में चीन ने अमेरिका को जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि अमेरिका द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा की अवधारणा को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कि जा रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने बिना किसी वैध सबूत के, मनमाने तरीके से चीनी छात्रों के वीजा रद्द कर दिए, उनके अमेरिका में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया और उन्हें जबरन निर्वासित कर दिया।

### चीन ने दी सख्त कार्रवाई की चेतावनी

माओ ने कहा कि अमेरिका के इस कदम की वजह से उन छात्रों को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि अमेरिका के अधिकारी चीनी कर्मियों को निर्वासित करने के लिए बहाने बनाने पर आमादा हैं। ये पूरी तरह से भेदभावपूर्ण और राजनीति से प्रेरित लगता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हमारे नागरिकों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए चीन द्वारा सख्त कदम उठाया जाएगा। अमेरिका को तुरंत इस तरह के उत्पीड़न को बंद करना होगा।

### चीन के छात्रों को जबरन देश से निकाला गया

अमेरिका में चीन के राजदूत शी फेंग का कहना है कि पिछले कुछ महीनों में अमेरिका में आने वाले चीन के लोगों और छात्रों को हर महीने प्रवेश से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छात्रों के पास वैध वीजा था और उनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड भी नहीं था लेकिन जब वे हवाई अड्डे पर उतरे तो अधिकारियों द्वारा आठ घंटे की लंबी पूछताछ की गई। इसके बाद उन्हें अपने माता-पिता से संपर्क करने से रोका गया और उनके खिलाफ निराधार आरोप लगाए गए। यहां तक कि उन्हें जबरन देश से निकाला गया और उनके प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया।

अमेरिकी डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी की रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल भारतीय छात्रों ने अमेरिका के शिक्षण संस्थानों में चीन के छात्रों को पीछे छोड़ दिया। पिछले साल अमेरिका जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या बढ़कर 3.20 लाख हो गई।

## अदालत का अजीबोगरीब फैसला, पूर्व पत्नी पर झूठा आरोप लगाने वाले को सुनाई 80 कोड़े मारने की सजा

**कराची, 08 अप्रैल 2024।** पाकिस्तान की एक अदालत ने एक शख्स को दुर्लभ सजा सुनाई है। अदालत ने एक शख्स को अपनी पूर्व पत्नी पर व्याभिचार का आरोप लगाने और अपने बच्चों को अस्वीकार करने के मामले में 80 कोड़े मारे जाने की सजा सुनाई है। देश में आमतौर पर अब इस तरह की सजा नहीं दी जाती है। डॉन न्यूज के मुताबिक, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मालिर शहनाज बोह्यो ने आरोपी फरीद कादिर को कम से कम 80 कोड़े मारने की सजा सुनाई। अदालत ने कजफ अपराध (हद्द का प्रवर्तन) अध्यादेश 1979 की धारा 7 (1) के तहत कादिर को दोषी ठहराया है। कजफ का मतलब किसी निर्दोष व्यक्ति पर आरोप लगाना होता।इस अध्यादेश की धारा में लिखा है कि जो कोई भी कजफ के लिए उत्तरदायी होगा, उसे 80 कोड़े मारने की सजा दी जाएगी।



**अदालत ने अपने आदेश में क्या कहा-** आदेश में कहा गया, यह बिल्कुल स्पष्ट है कि आरोपी झूठा है और उसने शिकायतकर्ता पर उसकी बेटी की नाजायजता के संबंध में कजफ का आरोप लगाया था। इस प्रकार उसे दोषी ठहराया जाता है और कजफ अध्यादेश 1979 की धारा 7 (1) के तहत 80 कोड़ों की सजा सुनाई जाती है। अदालत ने फैसला सुनाया कि दोषसिद्धि के बाद संघीय शरीयत अदालत से दोषसिद्धी की पुष्टि के बाद उसकी गवाही किसी भी अदालत में स्वीकार्य नहीं होगी।

## पीटीआई को हाईकोर्ट से झटका,सीनेट अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव को टालने की मांग वाली याचिका खारिज



**इस्लामाबाद, 08 अप्रैल 2024।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी को सोमवार इस्लामाबाद उच्च न्यायालय से झटका लगा है। दरअसल, अदालत ने सीनेट के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव में देरी की पीटीआई की याचिका खारिज कर दी है।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के पांच सीनेटर्स ने सोमवार को याचिका दायर की और दावा किया कि खैबर पख्तूनख्वा में संसद के ऊपरी सदन के लिए चुनाव न होने के कारण सीनेट अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव कराना असंवैधानिक होगा। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक ने याचिका पर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान पीटीआई के वकील शोएब शाहीन ने कहा कि मंगलवार को होने वाले चुनाव अगर ईद के बाद कराए जाएं तो बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि अगर ईद के बाद चुनाव होते हैं तो क्या गलता हो सकता है?

मुख्य न्यायाधीश ने दलीलों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा, जिसे बाद में घोषित किया जाना था। हालांकि, बाद में उन्होंने चुनाव में देरी करने की याचिका खारिज कर दी।

इस बीच, पीटीआई ने सीने के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव का बहिष्कार करने का फैसला किया है। यह कदम इसलिए उठाया गया है क्योंकि पार्टी के चुनाव जीतने की कोई संभावना नहीं है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) से ताल्लुक रखने वाले पूर्व प्रधानमंत्री यूसुफ रजा गिलानी सत्तारूढ़ गठबंधन के साझा उम्मीदवार हैं और उनके सीनेट अध्यक्ष बनने की अधिक संभावना है।

इससे पहले पीटीआई ने याचिका में खैबर पख्तूनख्वा की सीनेट की सीटों के लिए चुनाव होने तक अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव को स्थगित करने की मांग की थी। पार्टी ने सीनेट सचिव को पत्र लिखा था। इस पत्र के जरिए उच्च सदन के सभापति और उप सभापति के चुनाव में भाग लेने के वैध अधिकार कथित तौर पर उसे वंचित किए जाने को लेकर चिंता जताई थी।

## ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट जज पर फूटा मस्क का गुस्सा,संविधान को धोखा देने का आरोप

**वॉशिंगटन, 08 अप्रैल 2024।** दिग्गज कारोबारी एलन मस्क का ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट के एक जज पर गुस्सा फूटा है और उन्होंने जज के इस्तीफे की मांग कर दी है। दरअसल ब्राजील सुप्रीम कोर्ट के जज एलेक्जांद्रे डे मोरेस ने ब्राजील में कई सोशल मीडिया अकाउंट को ब्लॉक कर दिया है और कई यूजर्स को जेल में डालने का भी आरोप है। दावा किया जा रहा है कि ये सोशल मीडिया अकाउंट्स ब्राजील की सरकार के खिलाफ झूठी खबरें फैला रहे थे। जिन अकाउंट्स को ब्लॉक किया गया है, उनमें कई अकाउंट्स ब्राजील के सोशल मीडिया इंफ्लुएंशर्स के हैं।



**ब्राजील के जज पर फूटा एलन मस्क का गुस्सा**

सोशल मीडिया पर कथित सेंसरशिप लगाने को लेकर एलन मस्क ने जज मोरेस पर तीखा हमला बोला। एक पोस्ट में उन्होंने लिखा कि यह जज मनमाने तरीके से ब्राजील के लोगों और संविधान के साथ धोखा कर रहा है। उसे इस्तीफा दे देना चाहिए या फिर उसके खिलाफ महाभियोग लाकर उसे पद से हटा देना चाहिए। मस्क ने एक अन्य पोस्ट में लिखा कि इस जज ने हम पर भारी जुर्माना लगाया है और हमारे कई कर्मचारियों को गिरफ्तार करने की धमकी दी है और ब्राजील में एक्स को बंद करने की धमकी दी है। इसके चलते हम ब्राजील में पूरा राजस्व खो सकते हैं और हो सकता है कि हमें ब्राजील में अपना ऑफिस बंद करना पड़े, लेकिन हमारे लिए लाभ से ज्यादा अहम सिद्धांत हैं।

**जेर बोलसोनारो के विरोधी माने जाते हैं जज मोरेस**

एलेक्जांद्रे डे मोरेस ब्राजील में एक चर्चित नाम हैं। कुछ लोग उन्हें विवादित मानते हैं तो कुछ उन्हें लोकतंत्र का रक्षक करार देते हैं। मोरेस, ब्राजील के सुपीरियर इलेक्टोरल ट्रिब्यूनल के प्रमुख भी हैं। मोरेस के आलोचकों का आरोप है कि वह ब्राजील में बोलने की आजादी को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं।






## ग्राम पंचायत खमरौध के ग्रामीणों ने मतदान करने लिया शपथ

**- संवाददाता -**
**मनेंद्रगढ़,08 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट के निर्देशानुसार जिले के समस्त जनपदों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इसी के परिपालन में जिले के दूरस्थ क्षेत्र के जनपद पंचायत भरतपुर के ग्राम पंचायत खमरौध में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीण महिलाओं ने स्वीप के अन्तर्गत रंगोली बनाकर चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। सभी उपस्थित लोगों को मतदान करने हेतु शपथ दिलाया गया। इसके पश्चात् ग्राम पंचायत खमरौध से रैली का आयोजन किया गया। रैली बिहान योजना के संकुल कोटाडोल से फुलकुमारी,गीता,रामकली,सुधा,करूणा तथा ग्राम संगठन की महिलाओं के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण जन शामिल हुये।

## पुलिस अधीक्षक सूरजपुर एम.आर.आहिरे की अनुशंसा पर एक आदतन अपराधी राजेश साहू का हुआ जिला बदर

- **जिला दण्डाधिकारी/कलेक्टर सूरजपुर रोहित ब्यास (भा.प्र.से.) ने जारी किया जिला बदर का आदेश**
- **आदतन अपराधी के विरूद्ध चौकी बसदेई, थाना सूरजपुर में अनाचार, एसटीएससी एक्ट, रास्ता रोकने,मारपीट करने जैसे अनेकों अपराध है दर्ज**

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,08 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**



पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज अंकित गर्ग (भा.पु.से.) के द्वारा आदतन अपराधियों के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही कराने के निर्देश दिए है। जिसके परिपालन में उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर द्वारा जिला दण्डाधिकारी/ कलेक्टर सूरजपुर को एक आदतन अपराधी के विरूद्ध जिला बदर के लिए अनुशंसा करते हुए प्रतिवेदन प्रेषित किया गया था। उमनि/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर की रिपोर्ट पर जिला दण्डाधिकारी/कलेक्टर सूरजपुर ने दिनांक 08.04.2024 को जिले के आदतन अपराधी राजेश कुमार साहू पिता स्व. राम नारायण साहू उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम खड़गवां, चौकी बसदेई के विरूद्ध जिला बदर का आदेश जारी किया गया है।

उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर जिला दण्डाधिकारी/कलेक्टर सूरजपुर श्री रोहित ब्यास (भा.प्र.से.) द्वारा चौकी बसदेई क्षेत्र के आदतन अपराधी राजेश कुमार साहू उम्र 40 वर्ष ग्राम खड़गवां, चौकी बसदेई, थाना सूरजपुर, जिला सूरजपुर के विरूद्ध छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 व 5 के तहत् कार्यवाही करते हुये आदतन अपराधी को दिनांक 08.04.2024 से एक वर्ष की अवधि के लिए निष्कासित करने का आदेश दिया है। कलेक्टर के फरमान में स्पष्ट कहा गया है कि उक्त आदतन अपराधी को 24 घण्टे के अन्दर जिला से बाहर जाना होगा। जिला सूरजपुर तथा समीपवर्ती राजस्व जिला सरगुजा, कोरबा, बलरामपुर-रामानुजगंज, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग., सिंगरौली (मध्यप्रदेश) जिला क्षेत्र से एक वर्ष की अवधि के लिए बाहर जाने और इस जिले एवं उल्लेखित जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करेगा।

आदतन अपराधी के विरूद्ध चौकी बसदेई,थाना सूरजपुर में अनाचार, एसटीएससी एक्ट, रास्ता रोकने, मारपीट करने जैसे जैसे कई अपराध दर्ज है एवं 08 प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई है। उमनि/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर के द्वारा जिले के आमजन से अपील किया गया है कि जिले में शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव संपन्न हो, इस हेतु जिले के आदतन अपराधियों के विरूद्ध इस प्रकार की कार्यवाही जारी रहेगा। इस दौरान बदमाश पर पुलिस की सतत निगरानी रहेगी।






## सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता एवं मतदाता जागरूकता अभियान की हुई शुरुआत

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,08 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

अम्बिकापुरः भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोसकर के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियों का लगातार आयोजन कर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय द्वारा तीन दिवसीय स्वच्छता कार्यक्रम एवं मतदाता जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप नोडल अधिकारी नूतन कंवर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर सुनील नायक ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत शहर के आबादी वाले क्षेत्र में फ्लैश मॉब एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शहरी मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक किया जाना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल श्री नूतन कंवर ने युवा मतदाताओं को मतदान हेतु प्रोत्साहित करते हुए उन्हें लोकतांत्र में चुनाव के महत्व को समझते हुए बताया कि देश में सबसे अधिक आबादी युवाओं की है और युवा पीढ़ी को चुनाव के इस पर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए क्योंकि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी निभाते हुए मतदान करें और ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करें। वहीं श्री सुनील नायक ने मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए चलाए जा रहे अभियान की सराहना करते हुए कहा कि युवा शक्ति से देश और प्रदेश की उन्नति है। लोकतंत्र के इस महापर्व में अपने मतदान का इस्तेमाल कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। मतदान करना और मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करना हमारा कर्तव्य है।उन्होंने शहर को स्वच्छ रखने के साथ-साथ शत-प्रतिशत मतदान की लोगों से अपील की। कार्यक्रम में डॉ शारदा प्रसाद त्रिपाठी, कुलपति संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय,गिरीश गुप्ता सहायक नोडल अधिकारी, श्रीमती श्रद्धा मिश्रा, प्रिंसिपल,सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय उपस्थित रहे।

C M Y K




# रेहण्ड पार्क रेंजर ने जेसीबी लगा सैकड़ों इमारती पेड़ क्यों करवाया नष्ट ?

» गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान पार्क परिक्षेत्र रेंज महुली का मामला
» रेंजर के इशारे पर डिप्टी रेंजर,बीट गार्ड ने जंगल उजाड़ने का लिया है ठेका,जंगल उजाड़ कर तालाब बनाने की तैयारी

- रवि सिंह -
कोरिया/सुरजपुर,08 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

सूरजपुर जिले के वनांचल क्षेत्र गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान पार्क रेंज महुली के अन्तर्गत ग्राम पंचायत छतरंग बहरा जंगल के बीच में तालाब निर्माण कराने के लिए रेंजर ललित साय पैकरा, डिप्टी रेंजर भगत सिंह, बीट गार्ड राजकुमार द्वारा धड़ल्ले से जेसीबी मशीन लगा कर सैकड़ों इमारती पेड़ साल व तेंदू इत्यादि का बली दे दिया गया।

गौरतलब हो कि पार्क परिक्षेत्र में लगातार तालाब निर्माण व अन्य कार्य जोरों पर चल रहे हैं जिनमें विभागीय अधिकारी कर्मचारी संलिप्त हो कर पैसा कमाने के उद्देश्य से जंगल उजाड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। विभाग में बड़े अधिकारी भी आंख बंद कर सिर्फ फाइल में हस्ताक्षर का किराया लेकर मस्त है।



### तालाब निर्माण में जेसीबी

जानकारी के अनुसार जंगल में पशु पक्षियों के पानी पिने के उद्देश्य से निर्माण कराये जा रहे तालाब निर्माण कार्य में अधिकारियों द्वारा जल्द कार्य खत्म करने के चक्कर में धड़ल्ले से जेसीबी मशीन उपयोग कर कार्य कराया जा रहा है जो कि शासन के नियमानुसार गलत है।

निर्माण कार्यों में वास्तव में मजदूरों का अगर उपयोग किया जाता तो सायद जंगल की बरबादी नहीं होती।

### क्यों जंगलों में राजस्थान से टैक्टर व मशीन मंगा कर किया जा रहा उपयोग ?

जंगल में होने वाले विभागीय कार्यो में लगातार राजस्थान से टैक्टर व जेसीबी मशीन मंगा कर कार्य करवाया जा रहा है इसकी खबर लगातार आ रही है जिसका स्थानीय स्तर पर वाहन मालिक भी विरोध कर रहे हैं। स्थानीय वाहन मालिकों के अनुसार पहले तो विभाग के अधिकारी कर्मचारी जंगल का दोहन पैसा कमाने के उद्देश्य से लगातार कर रहे हैं। स्थानीय मजदूरों के पेट काट रहे हैं और स्थानीय टैक्टर व जेसीबी मशीन न लगा कर बाहर से अपना मशीन मंगा कर स्थानीय लोगों का भी रोजी रोटी पर पानी फेर रहे हैं यह गलत बात है।

### बड़े पैमाने पर पेड़ हुए नष्ट ?

रेहण्ड पार्क परिक्षेत्र महुली रेंज में छोटे व बड़े तालाब निर्माण कार्य में जेसीबी मशीन लगा कर रेंजर ललित साय पैकरा व डीप्टी रेंजर, बीट गार्ड के मनमानी से सैकड़ों इमारती पेड़ों की बलि चढ़ी जिसकी कीमत लगभग लाखों होगी।ऐसे में आदिवासी ग्रामीण भी नाराज़ हैं। और सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर इस तरह से जंगल के रक्षक भक्षक क्यों बन बैठे हैं जो कमाई करने के उद्देश्य से जंगल खत्म कर रहे हैं।

### रेहण्ड पार्क महुली से लकड़ी तस्करी भी जोरो पर:सूत्र

मिली जानकारी के अनुसार इन जंगलों से पिछले सालों से लगातार सूत्रों के मुताबिक जानकारी आ रही है कि जंगलों की कटाई करवा कर विभागीय अधिकारी व कर्मचारी संलिप्त हो कर इमारती लकड़ीयो की तस्करी करवा रहे हैं। ऐसे में यह विषय अधिकारीयों के लिए गंभीरता से विचार करने वाला है कि क्या तालाब निर्माण करने के उद्देश्य से विभागीय अधिकारी अपने संरक्षण में लकड़ी कटवा कर तस्करी तो नहीं करवा रहे।

### क्या इन कार्यों में वन विभाग के मगरमच्छ का भी है हाथ ?

रेहण्ड पार्क परिक्षेत्र महुली रेंज के इन तालाब निर्माण कार्य में राजस्थान से आ कर भंवरलाल व शैतान नामक व्यक्ति वन विभाग के एक बड़े अधिकारी जो वन विभाग के मगरमच्छ नाम से मशहूर है उनके संरक्षण से हर तालाब में अपनी जेसीबी मशीन व मिनी हाईवा टैकटर लगाते हैं और काम का ठेका लेते हैं, उनका भी भागीदारी है यह बड़ा सवाल है क्योंकि उक्त कार्यों में भंवरलाल अपने जेसीबी मशीन व मिनी हाईवा तथा टैक्टर लगा के कार्य कर रहे हैं। ऐसे में वन विभाग के मगरमच्छ पर रेहण्ड के जंगल को खत्म करने क्या भूमिका है यह जांच का विषय है।



# दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी द्वारा मोबाईल के माध्यम से पीड़िता से करता था अश्लील बातें

» आरोपी द्वारा पीड़िता को बहला-फुसलाकर जबरन घटना को दिया गया अंजाम
» घर के बाहर बाड़ी में जबरन किया गया दुष्कर्म
» थाना उदयपुर पुलिस द्वारा मामले में की गई सख्त कार्यवाही

- संवाददाता -
अंबिकापुर,08 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा आरोपियों की धरपकड़ एवं गिरफ्तारी लगातार की जा रही है। इसी क्रम में थाना उदयपुर पुलिस के द्वारा दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी की गिरफ्तारी की गई है।

मामले का विवरण इस प्रकार है, कि दिनांक 07/04/2024 को प्रार्थिया/पीड़िता इस आशय का रिपोर्ट दर्ज कराई है, कि उदयपुर निवासी प्रयास प्रजापति द्वारा पीड़िता के इच्छा के विरूद्ध रोज फोन लगाकर अश्लील बात किया करता था, पीड़िता के मना करने के बावजूद भी उसके घर आने की बात कर परेशान किया करता था। कि इसी बीच दिनांक 06/04/2024 को रात्रि 10 बजे फोन लगाकर घर में घुसने का धमकी देकर घर के बाहर बाड़ी में बुलाकर पीड़िता को बहला-फुसलाकर जबरन दुष्कर्म को अंजाम दिया गया। आरोपी का यह कृत्य सदर धारा 376 भादसं का होना पाये जाने से उक्त के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

मामले में अपराध पंजीबद्ध उपरांत मामले के आरोपी प्रयास प्रजापति उम्र 24 वर्ष निवासी उदयपुर को उसके निवास से पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। उसके वैधानिक रूप से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया।

मामले के निराकरण में निरीक्षक कुमारी चन्द्राकर, सउनि दिलीप दुबे, आरक्षक देवेन्द्र सिंह, अजय शर्मा, सैनिक नीरज साहू इत्यादि कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।



# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ रेंडमाइजेशन

» कलेक्टर ने राजनीतिक पदाधिकारियों के साथ स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

- संवाददाता -
कोरिया,08 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह व राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के समक्ष क्लेक्टरेरेट के एनआईसी कक्ष में राजनीतिक दलों की उपस्थिति में लोकसभा निर्वाचन के लिए ईव्हीएम और वीवीपैट का प्रथम रेंडमाईजेशन किया। ईव्हीएम का रेंडमाईजेशन कर मतदान केंद्रवार ईव्हीएम और वीवीपैट आबंटित किया गया।

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह, कांग्रेस प्रतिनिधि प्रदीप गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी प्रतिनिधि शैलेष शिवहरे की उपस्थिति में रेंडमाइजेशन उपरांत क्लेक्टरेरेट परिसर सिथत स्ट्रांग रूम को खोला गया साथ ही निरीक्षण किया गया।

ईव्हीएम, व्हीव्हीपैट व अन्य उपकरणों के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। साफ-सफाई, विद्युत, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था, सीसी कैमरा सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया गया। स्ट्रांगरूम में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर प्रतिबंध किया गया है।

# जंगल में आदिवासी लडकी की फांसी के फंदे पर झूलती मिली सड़ी-गली लाश

» परिजनो ने जताई हत्या की आशंका
» पुलिस ने संदेहियो से नहीं की अब तक पुछताछ

- संवाददाता -
लखनपुर,08 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस के द्वारा ऑपरेशन विश्वास के तहत आपराधिक गतिविधियों के विरुद्ध हर क्षेत्र में करवाई तो की जा रही है।परंतु उदयपुर पुलिस के सुस्त कार्य प्रणाली को लेकर कई सवाल खड़े होने शुरू हो गए हैं।उदयपुर थाना क्षेत्र में एक मामला सामने आया है। एक आदिवासी लड़की की जंगल में फांसी के फंदे पर झूलती सड़ी गली लाश के मामले में उदयपुर पुलीस के हाथ खाली है। 20 दिन बीत जाने के बाद भी मामले का खुलासा करने में पुलीस असफल रही। वही इस मामले में कई पहलू सामने आ रहे हैं मृतिका लड़की ब्लैकमेलिंग की शिकार थी या कुछ और मामला था क्षेत्र में जन चर्चा का विषय बना हुआ है। इधर मृतिका लड़की के माता पिता ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगा रहे है यही नहीं उदयपुर पुलिस के द्वारा मामले में संदेहियों से अब तक किसी भी प्रकार की पूछताछ नहीं की जिससे कई सवाल खड़े हो रहे है। शिव भजन ने आरोप लगाते हुए कहा कि मुकेश सेठ,पंकज सेठ और सरजू यादव उसके घर के पास पहुंचे और शिवभजन से रू.10000 रूपए मांगने लगे और कहां की तुम्हारी बेटी सरस्वती ने अपने भैया के खाते में रू.10000 डलवाया है। शिव भजन ने कहा कि उसका कोई भी रिश्तेदार बाहर नहीं रहता है। उसकी लड़की क्यू किसी के खाते में पैसा डलवाई होगी। आरोप है की डांडगांव सेठ के द्वारा साइकिल मोबाइल सहित लडकी को बंधक बना कर रखे हुए थे। पैसा के सम्बंध में पूछताछ करने जब शिव भजन की पत्नी और उसकी बड़ी बेटी जा रही थी तो पंकज ,मुकेश ने उन्हें जाने से रोक दिया और लड़की को मोटरसाइकिल से बुलाने की बात कही। परिजनो का कहना है कि मोटरसाइकिल से उतरने के बाद लड़की एकदम से गायब हो गई 6 से 7 लोगों के द्वारा मिलकर उसकी लडकी को ढूंढा गया परंतु उसका कुछ पता नहीं चला। लड़की के नहीं मिलने पर उसने उदयपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कही जिस पर पंकज सेठ के द्वारा रिपोर्ट दर्ज नहीं कराने की विनती करने लगा इसके बाद शिव भजन अपनी लड़की को ढूंढता रहा। पंकज द्वारा सायकल और मोबाईल लाने शिव भजन से कहा उसका बड़ा लड़का डांडगॉव साइकिल और मोबाइल ले कर आया। 2 दिनों तक लड़की नहीं मिली 16 मार्च को शिव भजन ने उदयपुर थाना में सरस्वती की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई और 18 मार्च को जंगल में फांसी के फंदे पर झूलती हुई सड़ी गली सरस्वती की लाश मिली। सरस्वती की लाश मिलने के बाद परिवारवाले सन्न रह गए। उदयपुर पुलिस घटना स्थल पर फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची और मामले की तफ्तीश में जुटी ।20 दिन बीत जाने के बाद भी उदयपुर पुलिस की जांच अधूरी है। इधर परिवार वालो ने हत्या के आशंका जताई है। अब देखना होगा कि उदयपुर पुलिस कब तक इस मामले को सुलझा पाती है।

इस मामले को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे। जो आज भी अनसुलझे है। पीयूष गोयल जब ग्राहक सेवा केंद्र का संचालन नहीं करता तो क्या जान पहचान के कारण ही मृतीका के भैया के खाते में अपने खाते से ऑनलाइन पैसा ट्रांसफर किया। जब पीयूष गोयल ने खाते में पैसा डाला तो पंकज और मुकेश सेठ मृतिका सरस्वती के घर पैसा मांगने क्यू पहुंचे। फिर उन्होंने शिव भजन को रिपोर्ट दर्ज कराने से क्यों मना किया। ऐसे कई सवाल है जो इस मामले से जुड़े हैं। कहीं ना कहीं पुलिस के सुस्त कार्य प्रणाली के कारण इस मामले में अब तक खुलासा नहीं हो सका है।

इस संबंध में सहायक उप निरीक्षक दुबे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। डांडगांव के सेठ पियूष गोयल के के खाते से रू.10000 लड़की के द्वारा ट्रांसफर कराया गया था। खाता और फोन डिटेल खंगाली जा रही है।






# चिरमिरी मनेंद्रगढ़ और जनकपुर में शुरू होंगे ब्लड बैंक

## स्वास्थ्य मंत्री की पहल पर विभाग से मिला लाइसेंस

### जिले के 2 लाख से अधिक लोगों को मिलेगा लाभ

- संवाददाता -
चिरमिरी,08 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जिले के लोगों के लिए अच्छी खबर है। मरीजों को अब पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही ब्लड बैंक की सुविधा मिलेगी। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रयास के बाद खाद्य एवं औषधि प्रसंस्करण विभाग के कंट्रोलर की तरफ से एमसीबी जिले के तीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में ब्लड बैंक खोलने की औपचारिक घोषणा कर दी गई है। जल्द ही जिले के मनेंद्रगढ़, चिरमिरी और जनकपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लड बैंक शुरू हो जाएंगे। इससे मरीजों को राहत मिलने के साथ-साथ उन्हें खून की कमी होने पर बाहर जिलों के चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। एमसीबी जिले के लगभग दो लाख लोगों को इसका फायदा मिलेगा।

बता दें की एमसीबी जिले में लंबे समय से ब्लड बैंक की मांग की जा रही थी। अब तक लोगों को ब्लड डोनेशन और ब्लड चढ़ाने की सुविधा के लिए कोरिया जिले के शासकीय और निजी ब्लड बैंकों की ओर जाना पड़ता था। लंबे समय के इंतजार के बाद गुरुवार को फूड और ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन छत्तीसगढ़ के कंट्रोलर की ओर से ब्लड बैंकों को लाइसेंस दे दिया गया। लाइसेंस मिल जाने के बाद अब मरीजों को राहत मिलेगी। घायल व गंभीर मरीजों को समय पर ब्लड मिलने से लाभ मिल सकेगा। चिरमिरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लड बैंक बनाने की कवायद शुरू की गई थी। बीते वर्ष ब्लड बैंक बनकर तैयार हो गया था। स्टाफ की भी तैनाती कर दी गई लेकिन लाइसेंस नहीं मिलने के कारण ब्लड बैंक का संचालन शुरू नहीं हो पाया था। स्वास्थ्य विभाग की टीम ब्लड बैंक का निरीक्षण भी कर चुकी थी। गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिरमिरी मनेंद्रगढ़ और जनकपुर के ब्लड बैंक को लाइसेंस दिया है।



सेंट्रल हॉस्पिटल मनेंद्रगढ़ होगा मुख्य ब्लड सेंटर-फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन छत्तीसगढ़ के कार्यालय से बीएमओ को पत्र जारी किए गए हैं। जिसमें एमसीबी जिले के बड़ा बाजार चिरमिरी मनेंद्रगढ़ और जनकपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुमन ब्लड को स्टोर करने के लिए स्वीकृति दी गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए सेंट्रल हॉस्पिटल एसईसीएल मनेंद्रगढ़ को मुख्य ब्लड सेंटर बनाया गया है।

इनके पास होंगे ब्लड सेंटर के प्रभार- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिरमिरी के ब्लड बैंक के लिए मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर जयंत कुमार और ब्लड सेंटर टेक्नीशियन बंटी लाल मनेंद्रगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ब्लड बैंक के लिए मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर प्रकाश अग्रवाल और ब्लड सेंटर टेक्नीशियन सोमेंद्र मंडल और जनकपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ब्लड बैंक के लिए मेडिकल ऑफिसर डॉ राजीव कुमार रमन और ब्लड सेंटर टेक्नीशियन रूकसार अंसारी को जिम्मेदारी दी गई है।

ब्लड स्टोरेज सेंटर के लिए निर्धारित है नियम- जिले के तीन ब्लॉक में ब्लड स्टोरेज सेंटर को 2 साल के लिए लाइसेंस जारी किया गया है। यह लाइसेंस अवधि 4 अप्रैल 2024 से लेकर 3 अप्रैल 2026 तक होगी। ब्लड सेंटर को लाइसेंस रिन्यूअल के लिए 3 महीने पहले ही आवेदन करना होगा। वही ब्लड सेंटर के टेक्निकल स्टाफ बदलने की स्थिति में उन्हें लाइसेंस अथॉरिटी को सूचना देनी होगी। ब्लड सेंटर में ब्लड डोनर और रिसीवर के सैंपल सहित अन्य जानकारियां भी सुरक्षित रखनी होगी। इसके अतिरिक्त कई और नियम भी ब्लड सेंटरों के लिए निर्धारित किए गए हैं।

घर के पास ही ब्लड बैंक की सुविधा उपलब्ध होगी स्वास्थ्य मंत्री- प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और मनेंद्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि कार्यालय कंट्रोलर फूड एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन छत्तीसगढ़ द्वारा जनकपुर मनेंद्रगढ़ और चिरमिरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लड बैंक चलाने के लिए औषधिअधिनियम के अन्तर्गत आवेदन स्वीकृत कर लिया है। अब शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को घर के पास में ही उच्च स्तरीय ब्लड बैंक की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। ब्लाक स्तर पर ब्लड बैंक खुलने से सीधा फायदा मरीजों को होगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में ब्लड बैंक खोलने की स्वीकृति दी गई है। मरीजों को इसका लाभ मिलेगा।

# संविदा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के भरोसे जिले के स्वास्थ्य केंद्र

» **टीकाकरण और फील्ड के नाम पर अपने कार्य से रहते हैं नदारद**

**- राजा मुखर्जी -**
**कोरबा,08 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

कोरबा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण जनों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु आयुष्मान भारत अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर संचालित है। संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत रेगुलर आरएचओ (ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक) एवं संविदा सीएचओ (सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी) की नियुक्तियां की गई है। आयुष्मान भारत अंतर्गत संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में पदस्थ रेगुलर ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों द्वारा टीकाकरण और फील्ड भ्रमण कार्य के नाम पर माह में केवल मंगलवार ,शुक्रवार के दिन ड्यूटी कर पूरे माह कार्य स्थल से नदारद रहते है द्य कुछ कुछ केंद्रों में आलम तो यह भी है की रेगुलर ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक वर्षो और महीनों से केंद्रों से नदारद है, जिनकी स्वास्थ्य विभाग को न ही कोई खबर है और न ही कोई चिंता है।


स्वास्थ्य विभाग द्वारा खबर और चिंता करने के बहाने संविदा पर पदस्थ कर्मचारियों पर कार्यवाही कर वह वाही लेने की आदत सी बन गई है। जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण पूर्व के दिवसों में चुहिया क्षेत्र में बड़े अधिकारी द्वारा भ्रमण के दौरान कार्यवाही किए जाने के नाम पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में पदस्थ संविदा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी को कारण बताओं नोटिस जारी कर वाहवाही बटोरी गई ।

**केवल सी एच ओ द्वारा स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करा रही है ऐसे में केवल संविदा पे कार्यरत कर्मचारियों पर ही कार्यवाही क्यों?**

स्वास्थ्य विभाग को अगर वाकई में ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के स्वास्थ्य की चिंता है तो कई स्वास्थ्य केंद्रों में आए एच ओ की नियुक्ति ही नही की गई है केवल सी एच ओ द्वारा स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करा रही है ऐसे में केवल संविदा पे कार्यरत कर्मचारियों पर ही कार्यवाही क्यों ? आयुष्मान आरोग्य मंदिर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में स्वास्थ्य सेवाए प्रदान किए जाने हेतु नियुक्त रेगुलर ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों की भी पूछ परख और उनकी भी खबर लिए जाने की आवश्यकता है ,जो दिन,महीनो, वर्षो से टीकाकरण और फील्ड के नाम पर अपने कार्य से अनुपस्थित और स्वास्थ्य केंद्रों से नदारद रहते है । ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध कराए जा रहे स्वास्थ्य विभाग द्वारा सेवाओं के संबंध में विस्तृत पड़ताल किए जाने पर जिले के पांचों विकासखंड में संचालित कुछ चुनिंदा स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया गया और हितग्राहियों से चर्चा हुई तो पता चला की स्वास्थ्य केंद्र पहले तो खुलते भी नही थे,परंतु जबसे सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की केंद्रों में नियुक्ति हुई है तब से कम से कम स्वास्थ्य केंद्र समय पर खुल रहे है और स्वास्थ्य सेवाए संचालित हो रहे है। पूछ ताच में बताया गया के स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक टीकाकरण और फील्ड के नाम पर घर में बैठकर आराम से वेतन लेने की बात कही गई। लोगो द्वारा यह भी बताया गया की कुछ रसूखदार नियमित ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों द्वारा अपनी नियुक्ति रेगुलर होने पर उन पर कोई कार्यवाही नहीं होने संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों पर ही कार्यवाही होने की बात बताने संबंधी बात बताया गया। रेगुलर ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों की पहुंच पीएचसी सीएचसी और जिला स्तर तक होने की बात कहकर शिकायत हो जाने पर भी उनपे कोई कार्यवाही नहीं हो पाने की धौंस तक दी जाती है। जिसका परिणाम ये होता है की स्वास्थ्य विभाग द्वारा जब भी कोई पूछ परख या कार्यवाही की जाती है तो केवल संविदा पर पदस्थ कर्मचारियों पर ही गाज गिराकर वाहवाही बटोर ली जाती है। संविदा कर्मचारियों द्वारा केंद्रों की समस्या से अवगत कराए जाने पर समस्याओं से अनदेखा कर दिया जाता है। यह कहकर की आप सी एच ओ संस्था के प्रभारी है। परंतु इन्ही सी एच ओ द्वारा आर एच ओ से नियमित सहयोग न मिल पाने पर सहयोग दिलाने की बात कहे जाने उन्हें केवल दिलासा दे दिया जाता है। सभी को ज्ञात होना चाहिए की क्या इससे पहले कभी स्वास्थ्य सेवाओं हेतु पुरस्कृत किया गया है ? परंतु यह बात सभी को ज्ञात होना चाहिए की आयुष्मान भारत अंतर्गत केंद्रों में संविदा पदों पर ही सही पर जबसे सी एच ओ की नियुक्तियां की गई है, बेहतर स्वास्थ्य सेवाए प्रदान किए जाने हेतु अनेकों केंद्रों को कायाकल्प अंतर्गत पुरस्कृत किया गया है, जिसके कारण अब लोगो में स्वास्थ्य विभाग और उसके द्वारा दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति नजरिया भी बदलने लगा है। सभी को यह भी ज्ञात होना चाहिए की संविदा पर कार्यरत इन कर्मचारियों को पिछले 6 माह से कार्यभारित मानदेय भी अप्राप्त है। जिसके पश्चात भी ये सभी निरंतर अपनी सेवाए बिना किसी संकोच प्रदान करते आ रहे है।अब ऐसे में स्वास्थ्य विभाग को चाहिए कि स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ संविदा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी पर ही कार्यवाही न कर रेगुलर ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों की भी जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाए और उनपे भी नियमानुसार कार्यवाही की जाए। जिससे विभाग की दोहरी नीति वाली छवि स्थापित न होने पाए।





## मतदान करने सेक्टरों में बुजुर्गों एवं नव मतदाताओं का किया जा रहा सम्मान

**- संवाददाता -**
**मनेंद्रगढ़,08 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

एकीकृत बाल विकास परियोजना खड़गवां अंतर्गत सेक्टर देवाडांड में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत फुनगा के वरिष्ठ मतदाता चिरौंजिया 62 वर्ष, देवकुमार लक्ष्मनिया 58 वर्ष सहित अन्य मतदाता सम्मिलित हुये। कार्यक्रम शुभारंभ सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती शादा ओरके द्वारा अतिथियों को आगामी लोकसभा चुनाव में बिना किसी प्रलोभन के अपना मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। नये मतदाताओं एवं बुजुर्ग मतदाताओं को पुष्प गुच्छ एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। सभी उपस्थित मतदाताओं द्वारा रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। इसके साथ सभी उपस्थित मतदाताओं को शपथ भी दिलाया गया। नये मतदाताओं राम पिता प्रेम सिंह, ताराबाई पिता पवन सिंह, सावित्री पिता गोपाल सिंह, संगीता पिता गोपाल, सुखवंती पिता पवन सिंह तथा नव विवाहित बालकुंवर पति पवन सिंह उपस्थित रहे।




## पिता के हत्यारे पुत्र को थाना जयनगर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,08 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

08अप्रेल2024 को थाना लखनपुर से मृतक राजेन्द्र सिंह पिता स्व. मोहरसाय उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम पहाड़गांव सतीपारा, थाना जयनगर की मर्ग डायरी प्राप्त हुआ जिसमें मृतक की मृत्यु रोड़ एक्सीडेंट से होना लेख किया गया था। मामले की जांच के दौरान मृतक के परिजनों द्वारा मृतक के मृत्यु पर संदेह व्यक्त किया गया।

मामले की सूचना पर उप पुलिस महानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने मामले की गंभीरतापूर्वक सूक्ष्मता से जांच करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर के मार्गदर्शन में बारीकी से जांच दौरान पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि दिनांक 04.04.2024 को रात में मृतक का झगड़ा विवाद उसके मझले पुत्र मनोज सिंह से हुआ है जिसके बाद मनोज सिंह को पकड़ा गया। सूक्ष्मता से पूछताछ पर उसने बताया कि दिनांक 04.04.24 के रात 7-8 बजे के मध्य मृतक राजेन्द्र सिंह (पिता) द्वारा मनोज से बिना पूछे बैल बेचने की बात को लेकर नाराज होकर लोहे के राड़ से अपने पिता के सिर में वार कर मारपीट करना तथा ईलाज हेतु अम्बिकापुर लेकर जाना एवं डॉक्टर द्वारा रेफर करने पर एम्बुलेंस से रायपुर लेकर जाने के दौरान लखनपुर के पास पिता का स्वास्थ्य बिगड़ने पर लखनपुर अस्पताल में लेकर जाने पर डॉक्टर द्वारा राजेन्द्र सिंह को मृत होना बताने पर अपने बचाव व पुलिस को गुमराह करने की नियत से रोड़ से एक्सीडेंट से मृत्यु होने की झूठी रिपोर्ट थाना लखनपुर में करना बताते हुए अपराध करना स्वीकार किया। मामले में धारा 302, 201, 506 भादसं. के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी मनोज सिंह पिता स्व. राजेन्द्र सिंह उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम पहाड़गांव, थाना जयनगर के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे का रोड जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जयनगर परिवीक्षाधीन डीएसपी स्निग्धा सलामे, एएसआई प्रवीण राठौर, प्रधान आरक्षक रजिन्दर एक्का, महेन्द्र सिंह, संतोष वर्मा, आरक्षक विकास मिश्रा, सोनू सिंह, सुरेश तिवारी, अविनाश कुजूर व राजीव गवेल सक्रिय रहे।

# नियम विरूद्ध पदोन्नति को कलेक्टर ने किया निरस्त

**महिला एवं बाल विकास विभाग को नये सिरे से पदोन्नति का दिया निर्देश**

**- संवाददाता -**
**कोरबा,08 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**



कलेक्टर अजीत वसंत ने एकीकृत, बाल विकास परियोजना पाली अन्तर्गत ग्राम भरूहामुड़ा के आंगनबाड़ी केन्द्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर की गई पदोन्नति को नियम विरूद्ध पाये जाने पर निरस्त कर पुनः नये सिरे से पदोन्नति के निर्देश दिए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र ग्राम भरूहामुड़ा ग्राम पंचायत चैतमा तहसील पाली अन्तर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पदों में पदोन्नति उपरांत उसी ग्राम के आंगनबाड़ी सहायिका अथवा मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की पदोन्नति की जानी थी। विभाग द्वारा परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना पाली द्वारा रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पदों पर पदोन्नति हेतु पांच वर्ष सेवा पूर्ण कर चुकी सहायिका एवं मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की जानकारी मंगाई गई थी। इस दौरान मूल्यांकन समिति के द्वारा योग्यता सूची तैयार कर अनुमोदन पश्चात प्रथम क्रम में आवेदिका उमा सिंह/ चूड़ामणी सिंह का पदोन्नति कर लिया गया। इस संबंध में आवेदक श्री मदन गोपाल एवं ग्रामवासी भरूहामुड़ा ग्राम पंचायत चैतमा तहसील पाली द्वारा शिकायत कलेक्टर अजीत वसंत से की गई थी। कलेक्टर द्वारा इस प्रकरण को संज्ञान में लेकर कलेक्टर न्यायालय में प्रकरण दर्ज करते हुए संपूर्ण मामले की सुनवाई की गई। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न दस्तावेज एवं परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना पाली द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन एवं शासन के निर्देश का अवलोकन किया गया। जिसमें स्पष्ट हुआ कि आंगनबाड़ी सहायिका/ मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का उसी ग्राम का निवासी होना अनिवार्य है, न कि ग्राम पंचायत के किसी भी ग्राम का। प्रस्तुत प्रकरण में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संलग्न दस्तावेजों से यह स्पष्ट हुआ कि पदोन्नति का आधार ग्राम पंचायत माना गया है, जोकि शासन के जारी निर्देशों के विरूद्ध है। कलेक्टर श्री वसंत ने कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना पाली, के आदेश क्रमांक 1108/ नियु/ बा.वि.परि. /2023-24 पाली दिनांक 20.02.2024 के पदोन्नति आदेश को निरस्त कर शासन के निर्देशों का पालन करते हुए पुनः पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया है ।

# फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत कर वर्षो से कर रहे नौकरी पर दो कर्मचारियों को एसईसीएल प्रबंधन ने किया बर्खास्त




**- संवाददाता -**
**कोरबा,08 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

कोल् इंडिया के अधीन संचालित एसईसीएल बिलासपुर की कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत एसईसीएल की मेगा प्रोजेक्ट के एसईसीएल प्रबंधन ने बड़ी कार्यवाही करते हुए 2 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। बताया जा रहा है कि जमीन के फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत कर वर्षो से एसईसीएल में 2 कर्मचारी नौकरी कर रहे थे। दीपका प्रबंधन ने जांच-उपरांत उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया है। बताया जा रहा हैं कि सेवा से बर्खास्त किए गए कर्मियों में रमेश कुमार पिता उमेद सिंह पे लोडर ऑपरेटर दीपका परियोजना एवं विनोद कुमार वर्मा पिता डी.पी. वर्मा सीनियर डाटा एंट्री ऑपरेटर रीजनल स्टोर दीपका शामिल है। जो कई वर्षो से एसईसीएल में सेवारत थे। जो कि फर्जी पट्टे पर नौकरी करने वालों की शिकायत कंपनी के समक्ष गोपनीय शिकायत पत्र के माध्यम से पहले की गई थी। कंपनी द्वारा कराए गए विभागीय जांच में जमीन का फर्जी दस्तावेज सिद्ध हो गया और पूरा मामला सही पाए जाने के उपरांत सेवा समाप्त कर दी गई है।

# खुले एवं आमजगहों पर शराब पीने के मामले में एवं अवैध महुआ शराब बिक्री करने के मामले में की गई कार्यवाही

» **आबकारी एक्ट की धारा 36(च) के तहत 03 आरोपियों के विरूद्ध की गई कार्यवाही**

» **आबकारी एक्ट की धारा 34(1)(क) के तहत् प्रकरण में 02 आरोपियों के कब्जे से कुल 08 ली. अवैध महुआ शराब जप्त एवं आरोपियों के विरूद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही**

» **थाना कोतवाली और धौरपुर पुलिस द्वारा की गई सख्त कार्यवाही**

» **सरगुजा पुलिस द्वारा ''ऑपरेशन विश्वास'' के तहत आबकारी एक्ट की कार्यवाही रहेगी जारी**




**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,08 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

जिले में शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त माहौल कायम रखने हेतु आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही तेजी से की जा रही है। इसी क्रम में विगत दिवस थाना कोतवाली पुलिस द्वारा खुले एवं आमजगहों पर शराब पीने के मामले में 03 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 36(च) के तहत एवं थाना धौरपुर पुलिस द्वारा अवैध महुआ शराब बिक्री करने के मामले में 02 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(1)(क) के तहत् सख्त कार्यवाही की गई है।

उपरोक्त मामले में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत खुले एवं सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने के मामले में आरोपी रवि यादव उम्र 35 वर्ष निवासी श्रीगढ़ अम्बिकापुर, सुजीत कुमार सिंह उम्र 40 वर्ष हरसागर तालाब अम्बिकापुर एवं शिव मोहन विश्वकर्मा उम्र 56 वर्ष नवागढ़ के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 36(च) के तहत कार्यवाही की गई है। उपरोक्त मामले में थाना धौरपुर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत अवैध महुआ शराब बिक्री करने के मामले में आरोपी विशुन उम्र 48 वर्ष निवासी रवई के कब्जे से 04 लीटर अवैध महुआ शराब एवं आरोपी शंकर उम्र 50 वर्ष निवासी जटासेमर, रवई के कब्जे से 04 लीटर अवैध महुआ शराब जप्त कर आबकारी एक्ट की धारा 34(1)(क) के तहत् कार्यवाही की गई है।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना धौरपुर से सउनि रामधनी राम, देवनारायण यादव एवं थाना कोतवाली से प्रधान आरक्षक देवनारायण सिंह, रजनीकांत मिश्रा की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## मतगणना केंद्रों में मीडिया प्रतिनिधियों के प्रवेश पर दिशा निर्देश

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,08 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव के दौरान मतदान तथा मतगणना केन्द्रो में मीडिया कवरेज के लिए दिशा निर्देश जारी किए गये हैं। कवरेज के लिए संवाददाताओं को प्राधिकार पत्र जारी किए गये हैं। संवाददाताओं को प्राधिकार पत्र में उल्लेखित निर्देश के अनुरूप मतदान व मतगणना केन्द्र में प्रवेश की अनुमति होगी। प्राधिकार पत्र में उल्लेख है कि मतदान के दिन गैर प्रचार अभियान जोन अर्थात मतदान केन्द्रों से 100 मीटर के क्षेत्र में कोई साक्षात्कार नहीं लिया जा सकेगा। मतदान केन्द्र के अंदर किसी भी प्रकार का विच्दंखल व्यवहार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 131(1) (ख) के अधीन दंडनीय अपराध है, जिसके लिए जुर्माने के साथ तीन माह तक की सजा या दोनो हो सकते हैं।

**न्यायालय लिंक कोर्ट देवनगर तहसील रामानुजनगर जिला -सुरजपुर, (छ0ग0)**

रा.प्र.क. ब 121 /2021-22

**ईश्तहार**

ग्राम कोट के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नवलसाय आ0 कवलसाय जाति गोंड निवासी ग्राम कोट लिंककोट देवनगर तहसील रामानुजनगर जिला-सुरजपुर (छ0ग0) द्वारा आवेदक अपने पुत्र राजेन्द्र प्रसाद सिंह का विलम्ब जन्म प्रमाण पत्र पंजीयन कराने बावत् अनुलब्धता प्रमाण पत्र मय अन्य सहायक दास्तावेज के साथ न्यायालय में आवेदन पत्र पेश किया गया हैं । जन्म दिनांक 02 /01/2004 ।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वय। अथवा किसी विविध प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 11/04/2024 को नयायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। उसके पश्चात दावा आपत्ति में कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 28/03/2024 को न्यायालीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया।

सील — नायब तहसीलदार देवनगर,सूरजपुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) उदयपुर जिला सरगुजा**

रा.प्र.क्र/अ-02/2023-24

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुमारसाय आ0 घुरसाय जाति गोंड निवासी ग्राम अमलभिट्ठी द्वारा अपने स्वामित्व व आधिपत्य ग्राम अमलभिट्ठी, तहसील लखनपुर, जिला सरगुजा स्थित भूमि खसरा क्रमांक 1013/1 रकबा 0.141 हे0 भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन में व्यपवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा0) उदयपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार-2 खडगवां जिला-मनेन्द्रगढ -चिरमिरी - भरतपुर (छ0ग0)**

रा.प्र.क. 6 वाचक 2024
खडगवां दिनांक 1/4/2024

**ईश्तहार**

सर्व साधारण ग्राम सलका के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक गजरूप सिंह आ0 जय सिंह जाति गोंड निवासी ग्राम सलका तहसील खड़गवा जिला- एम0सी0बी0 छ0ग0 के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया हैं कि ग्राम सलका पहन. 12 स्थित शासकिय भूमि ख. न. 958 रकबा 0.85 .हे0 भूमि को जो अनावेदक लालजी आ0 शिवमंगल जाति तेली निवासी सलका के नाम पर वन अधिकार पट्टा प्राप्त हुआ हैं । उक्त भूमि को आवेदक अपने पूर्वजो के समय से 40-45 वर्षो से काबिज कारत होकर निरंतर कृषि कार्य करते चले आ रहा हैं ।उक्त भूमि पर अनावेदक लालजी का कभी भी कब्जा नहीं रहने से उक्त वाद भूमि का पट्टा निरस्ती कर अपने नाम पर दर्ज कराने कि मांग किया हैं । जो मुल आवेदन में जांच कर प्रतिवेदन देने हेतु कलेक्टर महोदय से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ हैं । अतएव इस संबंध में ग्राम के किसी भी व्यक्ति या अधिकर्ता को किसी प्रकार का आपत्ति हो तो वे नियत तिथि 18 /4 /2024 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के साथ उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं । उक्त तिथि पश्चात् किसी प्रकार के दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 1/ 4 /2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के सील मोहर के साथ जारी किया गया ।

सील — तहसीलदार खडगवां जिला एम.सी.बी.

# पीबीकेएस और एसआरएच के बीच महामुकाबला आज

## आज पंजाब और सनराइजर्स के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद

**नई दिल्ली,08 अप्रैल 2024।** पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां जब आमने-सामने होंगी तो दोनों की नजरें जीत हासिल करके अंक तालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने पर टिकी होंगी। सनराइजर्स और पंजाब दोनों ने चार-चार मैच में समान दो जीत दर्ज की हैं और दो मैच गंवाए हैं। ये दोनों उन चार टीम में शामिल हैं जिनके चार-चार अंक हैं और दोनों की नजरें जीत हासिल करके तालिका में आगे बढ़ने पर लगी हैं।

सनराइजर्स की टीम ने अब तक बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया है और मौजूदा सत्र में अधिकतर मौकों पर उसके बल्लेबाजों ने प्रभावित किया लेकिन पंजाब की टीम के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता। मुंबई इंडियन्स के खिलाफ जीत के दौरान सनराइजर्स ने आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा टीम स्कोर बनाया जबकि शुक्रवार को गत चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ भी टीम ने छह विकेट की आसान जीत दर्ज की। अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिक क्लासेन और ऐडन मार्कराम जैसे बल्लेबाजों ने विरोधी गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाया है और टीम को तेज शुरुआत दिलाई है। शिखर धवन,जॉनी बेयरस्टो और लियाम लिविंगस्टोन की मौजूदगी में पंजाब के पास भी बड़े शॉट खेलने वाले खिलाड़ी हैं लेकिन कप्तान धवन के अलावा अन्य किसी के प्रदर्शन में निरंतरता नजर नहीं आई है।

पंजाब को अपने भारतीय खिलाड़ियों प्रभसिमरन सिंह और जितेश शर्मा से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। दोनों टीमें अपने पिछले मुकाबले जीतकर इस मैच में उतरेंगी और नवनिर्मित महाराज यादविंद्र सिंह क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इस सिर्फ दूसरे आईपीएल मैच में पावर प्ले में टीम का प्रदर्शन अहम भूमिका निभाएगा। दोनों टीमों की गेंदबाजी चिंता का विषय है।



पंजाब की टीम को डेथ ओवरों में जूझना पड़ा है जबकि सनराइजर्स के गेंदबाज नई गेंद से काफी महंगे साबित हुए हैं। पंजाब के लिए दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबादा छह विकेट के साथ उनके सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं लेकिन डेथ ओवरों के विशेषज्ञ अर्शदीप सिंह और हर्षल पटेल के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी टीम के लिए चिंता की बात है। लेग स्पिनर राहुल चाहर काफी महंगे साबित हुए हैं लेकिन हरप्रीत बरार ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। हैदराबाद की ओर से जयदेव उनादकट, मयंक मारकंडे और भुवनेश्वर कुमार ने काफी रन लुटाए हैं। काफी अनुभवी होने के बावजूद भुवनेश्वर को नई गेंद से जूझना पड़ा है। वह पिछले मैच में हालांकि विकेट चटकाने में सफल रहे। दो मैच से बाहर रहने के बाद वापसी करने वाले टी नटराजन ने अब तक चार विकेट हासिल किए हैं। अब तक चार मैच में पांच विकेट चटकाने वाले कप्तान पैट कमिंस ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उन्हें अन्य गेंदबाजों से लगातार समर्थन की जरूरत है। दोनों टीमों के बीच पिछले पांच मैच में से सनराइजर्स ने तीन जबकि पंजाब ने दो जीते हैं जिससे दोनों टीमों के बीच एक और रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है।

### टीम इस प्रकार हैं...

**सनराइजर्स हैदराबाद:-** जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक।

**पंजाब किंग्स:-** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व टाइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया , विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिलीरोसेयु।

# डी गुकेश ने करूआना को बराबरी पर रोका



### विदित गुजराती फिर हारे

**नई दिल्ली,08 अप्रैल 2024।** ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में शीर्ष वरीय अमेरिका के फाबियानो करूआना को बराबरी पर रोका लेकिन विदित गुजराती को रूस के इयान नेपोमनियाची के खिलाफ एक और हार का सामना करना पड़ा। आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के हिकारू नाकामूरा से अंक बांटे जबकि अजरबेजान के निजात अबासोव और फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा की बाजी भी बराबरी पर छूटी।

### आठ खिलाड़ियों की इस डबल राउंड रोबिन प्रतियोगिता से अगली विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर का फैसला होगा

नेपोमनियाची सफेद मोहरों से खेलते हुए दूसरी जीत से तीन अंक के साथ टूर्नामेंट में एकल बढ़त बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे आधा अंक पीछे करूआना और गुकेश ढाई अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंदा दो अंक के साथ चौथे स्थान पर हैं जबकि विदित, अबासोव,अलीरेजा और नाकामूरा चारों के समान डेढ़ अंक हैं।

महिला वर्ग में आर वैशाली ने अपने छोटे भाई प्रज्ञानानंदा की तरह ड्रॉ खेला।


### रूस की एलेक्सांद्रा गोरयाचकिना को बराबरी पर रोका

भारत की कोनेरू हंपी को हालांकि सबसे कम रैंकिंग वाली और सबसे युवा खिलाड़ी बुल्गारिया की नुर्गयुल सेलिमोवा के खिलाफ टूर्नामेंट की पहली हार का सामना करना पड़ा। चीन की झोंगयी टैन ने रूस की कैटरीना लेगनो के खिलाफ ड्रॉ खेलकर तीन अंक के साथ अपनी एकल बढ़त बरकरार रखी है।

चीन की ही टिंगजी लेई ने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक के साथ अंक बांटे। टैन के बाद गोरयाचकिना ढाई अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वैशाली, सेलिमोवा और लेगनो दो अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। इस हार के बाद हंपी डेढ़ अंक के साथ संयुक्त रूप से छठे स्थान पर खिसक गई हैं। मुजिचुक और लेई भी डेढ़ अंक के साथ संयुक्त रूप से छठे पायदान पर हैं। गुकेश ने करूआना के खिलाफ काले मोहरों से खेलते हुए दबाव का अच्छी तरह सामना किया और अंततः 72 चाल के बाद दोनों खिलाड़ी अंक बांटने को राजी हो गई।

दूसरे दौर में नाकामूरा के खिलाफ जीत दर्ज करने वाले विदित के खिलाफ पिछली दो बार के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट विजेता नेपोमनियाची अधिकांश समय बेहतर स्थिति में रहे और दो बार विश्व चैंपियनशिप मुकाबला खेलने वाला रूस का खिलाड़ी अंततः जीत दर्ज करने में सफल रहा। प्रज्ञानानंदा को प्रत्येक दौर के साथ अपने प्रतिद्वंद्वियों की सराहना और सम्मान मिल रहा है। नाकामूरा के खिलाफ भी ऐसा ही रहा और अमेरिकी खिलाड़ी जोखिम नहीं उठाते हुए सफेद मोहरों से खेलने के बावजूद सिर्फ 24 चाल के बाद ड्रॉ पर राजी हो गया।दूसरी तरफ महिला वर्ग में टूर्नामेंट के लिए महिला विश्व कप के जरिए क्वालीफाई करने वाली सेलिमोवा ने हंपी को हराकर दिखाया कि उनका क्वालीफिकेशन तुक्का नहीं था। बुल्गारिया की खिलाड़ी ने 62 चाल में जीत दर्ज की। प्रतियोगिता का पांचवां दौर आराम के पहले दिन के बाद खेला जाएगा। साल की इस सबसे बड़ी प्रतियोगिता में अब भी 10 दौर का खेल बाकी है।

# क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में शामिल हुईं सोफी मोलिनक्स



**नई दिल्ली,08 अप्रैल 2024।** क्रिकेट के सभी प्रारुपों में शानदार कमबैक के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में सोफी मोलिनक्स को शामिल किया है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, मोलिनक्स ने पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के बांग्लादेश दौरे के दौरान 2023-24 सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में अपग्रेड हासिल किया था और उस श्रृंखला में पांच मैचों में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा था।

नवंबर में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मेग लैनिंग पिछले सीजन की सूची से बाहर होने वाली एकमात्र खिलाड़ी हैं।

### ऑस्ट्रेलिया सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट 2024-25

डार्सी ब्राउन,एशले गार्डनर, किम गार्थ, हीथर ग्राहम, ग्रेस हैरिस, एलिसा हीली, जेस जोनासेन, अलाना किंग, फोबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्राथ, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शट, एनाबेल सदरलैंड, तायला व्लामिनक, जॉर्जिया वेयरहैम।

# राष्ट्रमंडल खेल महासंघ की अगले महीने 2026 टूर्नामेंट के नए मेजबान की घोषणा करने की योजना

**नई दिल्ली,08 अप्रैल 2024।** राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) ने 2026 में होने वाले खेलों के नए मेजबान की अगले महीने घोषणा करने की योजना बनाई है और कहा है कि उसके पास ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य की जगह लेने के लिए 'कई प्रस्ताव' हैं। सीजीएफ ने सोमवार को कहा कि वह प्रस्तावों को गोपनीय रख रहा है। विक्टोरिया बढ़ती लागत का हवाला देकर पिछले साल जुलाई में तीन क्षेत्रीय केंद्रों में होने वाले 2026 खेलों की मेजबानी की योजना से हट गया था।सीजीएफ ने अप्रैल में अपनी बैठक के बाद एक बयान में कहा, ''अहम प्रगति हुई है और हम शुरुआती अवधारणाओं से उत्साहित हैं जिसका उद्देश्य खेलों को रीसेट करना और नया स्वरूप देना है।'' बयान के अनुसार, ''हम आगे विस्तृत मूल्यांकन करने के लिए संबंधित सदस्यों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के मेजबान की घोषणा मई में करने का लक्ष्य रखते हैं।''विक्टोरिया सीजीएफ के साथ मुआवजे के पैकेज पर सहमत हुआ है जिससे अगले मेजबान के खर्चों की भरपाई में मदद मिलेगी। राष्ट्रमंडल खेल 2018 का आयोजन करने वाले ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट को 2026 के संभावित मेजबान के रूप में चिह्नित किया गया था लेकिन राज्य या संघीय वित्त पोषण नहीं मिल सका। सीजीएफ ने कहा कि वह लागत कम करने और प्रतियोगिता को अधिक तार्किक बनाने के लिए खेलों में बदलाव लाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।




1930 में ब्रिटिश एम्पायर गेम्स के रूप में स्थापित राष्ट्रमंडल खेलों में 74 देश और क्षेत्र हिस्सा लेते हैं। इनका आयोजन ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, इंग्लैंड, भारत, जमैका, मलेशिया, न्यूजीलैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स में हुआ है।

## दिल्ली कैपिटल्स ने तूफानी पेसर लिजाड विलियम्स को टीम में किया शामिल



**नई दिल्ली,08 अप्रैल 2024।** दिल्ली कैपिटल्स ने इंग्लैंड के धाकड़ बैटर हैरी ब्रूक के रिप्लेसमेंट के तौर पर साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज लिजाड विलियम्स को टीम से जोड़ा है। ब्रूक दादी के निधन के बाद आईपीएल 2024 से हट गए थे। विलियम्स को दिल्ली ने 50 लाख के बेस प्राइस से जोड़ा है। वो पहली बार आईपीएल में खेलते हुए नजर आएंगे। साल 2021 में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू के बाद से 30 साल के विलियम्स ने दो टेस्ट, चार वनडे और 11 टी20 अंतरराष्ट्रीय में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व किया है। वह 50 लाख रुपये के आधार मूल्य पर दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ेंगे।

# लीवरपूल और मैनचेस्टर यूनाईटेड का मुकाबला 2-2 से ड्रॉ

**मैनचेस्टर,08 अप्रैल 2024।** लीवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल में यहां मैनचेस्टर यूनाईटेड से 2-2 से ड्रॉ खेलकर अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंचने का मौका गंवा दिया। लीवरपूल को 23वें मिनट में लुई डियाज ने बढ़त दिलाई लेकिन ब्रूनो फर्नांडिज ने 50वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। कोबी मेनू ने 67 मिनट में मैनचेस्टर यूनाईटेड को बढ़त दिलाई। मोहम्मद सालाह ने हालांकि 84वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर लीवरपूल को हार से बचा लिया। जीत दर्ज करने में नाकाम रहने के कारण लीवरपूल ने अंक तालिका में शीर्ष पर बढ़त बनाने का मौका गंवा दिया। टीम अब 31 मैच में 71 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। आर्सेनल के भी इतने ही मैचों में इतने ही अंक हैं लेकिन बेहतर गोल अंतर के कारण वह शीर्ष पर है। मैनचेस्टर सिटी 31 मैच में 70 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। दिन के अन्य मुकाबलों में अंतिम स्थान पर चल रहे शेफील्ड यूनाईटेड ने चेल्सी को 2-2 से बराबरी पर रोका जबकि टोटेनहैम ने नॉटिंघम फॉरेस्ट को 3-1 से शिकस्त दी।



# मैं किसी पार्टी में शामिल नहीं हो रहा हूं न ही चुनाव लड़ रहा हूं



आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में फिल्म उद्योगों के कई कलाकार चुनाव लड़ रहे हैं, और ऐसी अफवाह थी कि बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त चुनाव लड़ने जा रहे हैं। कई रिपोर्टों में दावा किया गया कि वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के साथ बातचीत कर रहे हैं। हालांकि, एक्टर ने एक ट्वीट कर ऐसी सभी अटकलों पर विराम लगा दिया है।बॉलीवुड स्टार ने ऐसी अफवाहों का खंडन किया और दावा किया कि वह किसी भी राजनीतिक दल में शामिल नहीं हो रहे हैं और न ही आगामी चुनाव में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। उन्होंने लिखा, मैं अपने राजनीति में शामिल होने की सभी अफवाहों पर विराम लगाना चाहता हूं। मैं किसी पार्टी में शामिल नहीं हो रहा हूं या चुनाव नहीं लड़ रहा हूं. अगर मैं राजनीतिक क्षेत्र में कदम रखने का फैसला करता हूं तो मैं इसकी घोषणा करने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा। कृपया अभी तक मेरे बारे में खबरों में जो चल रहा है उस पर विश्वास करने से बचें। काम के मोर्चे पर, संजय दत्त को आखिरी बार विजय अभिनीत तमिल फिल्म लियो में देखा गया था। संजय ने एक गैंगस्टर की भूमिका निभाई, जो तंत्र-मंत्र और मानव बलि में रुचि रखता है। फिल्म और उनकी भूमिका को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर हिट रही। उनके पास पाइपलाइन में तेलुगु फिल्म डबल आईस्मार्ट, कन्नड़ फिल्म केडी - द डेविल और वेलकम टू द जंगल है।इस साल कई अभिनेताओं ने राजनीति में कदम रखा. सबसे बड़ा नाम था कंगना रनौत का, जिन्हें हिमाचल प्रदेश के मंडी से चुनाव लड़ने के लिए भारतीय जनता पार्टी का टिकट मिला। टीवी शो रामायण में हिंदू भगवान राम की भूमिका निभाने वाले अनुभवी अभिनेता अरुण गोविल मेरठ से भाजपा के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। तमिलनाडु में, स्टार जोड़ी सरथकुमार और राडिका भाजपा में शामिल हो गए और महिला अभिनेता विरुधुनगर से पार्टी के लिए चुनाव लड़ रही हैं।

# सनी लियोन,हिमेश रेशमिया और प्रभुदेवा पहली बार आए साथ,फिल्म की शूटिंग शुरू



सनी लियोनी, हिमेश रेशमिया और प्रभुदेवा ने पहली बार एक साथ नजर आने वाले हैं। तीनों सितारों ने एक फिल्म के लिए हाथ मिलाया है।फिलहाल इस फिल्म का नाम तय नहीं हुआ है, लेकिन खबर है कि सनी फिल्म की शूटिंग के लिए रवाना हो चुकी हैं।अभी फिलहाल इतनी जानकारी ही सामने आई है कि शुरुआती शूटिंग मस्कट में होगी।अब दर्शक इस खबर की आधिकारिक पुष्टि का इंतजार कर रहे हैं।यह दूसरा मौका होगा, जब सनी और प्रभुदेवा एक साथ काम करने जा रहे हैं। इससे पहले दोनों ने फिल्म पेट्टा रैप गाने में एक साथ काम किया था।उधर, यह सनी और हिमेश के बीच पहला सहयोग होने वाला है। बता दें, सनी इन दिनों मशहूर डेटिंग शो स्प्लिट्सविला की मेजबानी कर रही हैं।यह इस शो का 15वां संस्करण है। सनी की आने वाली फिल्मों में गैंग्स ऑफ गाजियाबाद, कैनेडी और कोटेशन गैंग शामिल हैं।प्रभुदेवा इन दिनों फिल्म दंबग 4 को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म को अगले साल दिसंबर महीने में रिलीज किया जा सकता है।इसके अलावा उनकी वांटेड 2 बनाने की भी चर्चा हैं। इसके पहले भाग में अभिनेता सलमान खान नजर आए थे। इसी फिल्म के जरिए उन्होंने दमदार वापसी की थी।इसके अलावा प्रभुदेवा भारतीय सुपरहीरो फिल्म मिनमैन में भी काम कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने इसकी घोषणा की थी।

# दर्शकों को थिएटर तक लाने के लिए फिल्म में मुख्य पुरुष किरदार होना जरूरी नहीं



अभिनेत्री कृति सेनन को अपनी हालिया रिलीज फिल्म क्रू की सफलता के बाद उम्मीद है कि अब बड़े बजट की महिला केंद्रित फिल्में बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कृति ने कहा कि फिल्म निर्माताओं को अक्सर ऐसा लगता है कि दर्शकों को महिला केंद्रित फिल्मों में दिलचस्पी नहीं होती है। तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया फिल्म के बाद कृति 'क्रू ' में नजर आई। 'क्रू 'फिल्म में उन्होंने तब्बू और करीना कपूर खान के साथ तीसरी प्रमुख भूमिका निभाई है। फिल्म ने रिलीज के नौ दिनों के अंदर ही दुनिया भर में 100 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की। राजेश ए. कृष्णन द्वारा निर्देशित क्रू फिल्म में तीन एयर होस्टेस की कहानी है जो अपनी एयरलाइन के दिवालिया हो जाने पर अपनी जिम्मेदारी संभालती हैं। कृति ने कहा, दर्शकों को थिएटर तक लाने के लिए किसी फिल्म में पुरुष का मुख्य किरदार होना जरुरी नहीं है। लंबे समय से लोगों ने पुरुष-केंद्रित फिल्मों की तरह महिला-केंद्रित फिल्में बनाने का जोखिम नहीं उठाया है। उन्हें लगता है कि दर्शक थिएटर में यह फिल्म नहीं देखेंगे और उन्हें कमाई भी नहीं होगी। उन्होंने कहा, दर्शकों से क्रू फिल्म को मिले प्यार के बाद मुझे लगता है कि यह एक तरह से बदलाव की शुरुआत है। उम्मीद है कि धीरे-धीरे लोग आगे आएंगे और महिला-केंद्रित फिल्म में भी उतना ही पैसा लगाने और उसे आगे बढ़ाने का जोखिम उठाएंगे, जितना वे पुरुष प्रधान फिल्मों के लिए करते हैं। ...क्योंकि इससे भी बॉक्स ऑफिस पर उतनी ही कमाई होती है।

# सभी भ्रष्टाचारियों को जेल तो जाना ही पड़ेगा

## ये मोदी की गारंटी है, बस्तर में बोले पीएम मोदी

**जगदलपुर,08 अप्रैल 2024(ए)।** आमाबाल सभा में पीएम मोदी ने कहा, मैंने ठाना कि जब तक गरीब की हर चिंता दूर नहीं कर दूंगा, मैं चैन से नहीं बैठूंगा। हमारी सरकार ने गरीब के लिए एक-एक करके योजनाएं बनाईं, गरीब को उसका हक दिया। कांग्रेस के अमीरों की सरकार के समय देश में बीमारी का टीका आने में दशकों लग जाते थे। मोदी ने कहा कि मैं अपने देश के हर गरीब के साथ खड़ा हूं। मैं गरीबों को मुफ्त वैक्सीन भी दूंगा...मैं गरीबों को मुफ्त राशन भी दूंगा। ऐसे समय में जब दूसरे देशों में कोरोना का एक एक टीका हजारों रुपए में लग रहा था, मोदी ने आपको मुफ्त टीका लगवाया। 2014 में सरकार में आने के बाद मोदी ने कांग्रेस की लूट का लाइसेंस ही कैंसिल कर दिया है।

दरअसल, छोटे आमाबाल भानपुरी सड़क से करीब 8 किमी की दूरी है। यह इलाका भाजपा के दिवंगत नेता बलिराम कश्यप और कश्यप परिवार का कहा जाता है। भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही पड़ेगा- ये मोदी की गारंटी है। पिछले 10 साल में देश कहां से कहां पहुंचा है। देश ने कितनी प्रगति की है और उसमें आप सबका जो साथ मिला है, मैं उसके लिए आप सबका आभार व्यक्त करने भी आया हूं। आप लोगों ने यहां सिर्फ भाजपा सरकार ही नहीं बनाई, बल्कि विकसित भारत की आधारशिला भी मजबूत की है। अनेक दशकों बाद देश ने भाजपा की स्थिर और मजबूत सरकार देखी है। हमारी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता रही है- गरीब का कल्याण। आजादी के बाद दशकों तक गरीब की जरूरतों को कांग्रेस की सरकारों ने नजरअंदाज किया। कांग्रेस ने कभी गरीब की चिंता नहीं की, उसकी परेशानियों को नहीं समझा। कांग्रेस परिवार के अमीरों को कभी महंगाई का मतलब समझ ही नहीं आया।

### मोदी गरीब का बेटा है,लाठी से सिर फोड़ने की धमकी से डरने वाला नहीं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के कांग्रेसी मोदी का सिर फोड़ने की धमकी दे रहे हैं। मोदी इन धमकियों से डरने वाला नहीं है। आप ही बताए गरीबों को जिन्होंने लूटा उन्हें सजा मिलनी चाहिए की नहीं। मोदी ने भ्रष्टाचार खत्म किया उन्होंने बचाने का काम किया। वे छत्तीसगढ़ में जगदलपुर के आमाबाल गांव में चुनावी सभा को संबोधित किया। बस्तर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार महेश कश्यप हैं। यह इलाका भाजपा के दिवंगत नेता बलिराम कश्यप और कश्यप परिवार का कहा जाता है।

यहां के युवाओं को जिसने धोखा दिया है। उनकी तेजी से जांच हो रही है। यहां के कांग्रेसी मोदी का सिर फोड़ने की धमकी दे रहे हैं। मोदी इन धमकियों से डरने वाला नहीं है। आप ही बताए गरीबों को जिन्होंने लूटा उन्हें सजा मिलनी चाहिए की नहीं। मोदी ने भ्रष्टाचार खत्म किया उन्होंने बचाने का काम किया। मैंने 3 करोड़ बहने को लखपति बनाने का फैसला किया है। आदिवासी समाज का उत्थान करना है। छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा एकलव्य कॉलेज है। जिसको किसी ने नहीं पूछा उसे मोदी ने पूजा है। 24 हजार करोड़ की पीएम जन मन योजना शुरू की गई। इससे आदिवासियों के जीवन को बेहतर बनाया जाएगा।

मेरा लक्ष्य देश को विकसित बनाना है। यहां के पूरे परिवार को विकसित बनाना है।



### दुनिया में कोविड का महासंकट आया, लोग कहते थे कि भारत कैसे बचेगा ?

कांग्रेस के अमीरों की सरकार के समय देश में बीमारी का टीका आने में दशकों लग जाते थे। मोदी ने कहा कि मैं अपने देश के हर गरीब के साथ खड़ा हूं। मैं गरीबों को मुफ्त वैक्सीन भी दूंगा...मैं गरीबों को मुफ्त राशन भी दूंगा। ऐसे समय में जब दूसरे देशों में कोरोना का एक एक टीका हजारों रुपये में लग रहा था,मोदी ने आपको मुफ्त टीका लगवाया। कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र बनाया है, उसमें भी मुस्लिम लीग की छाप है। 500 साल बाद ये सपना पूरा हुआ, तो इसकी सबसे अधिक खुशी प्रभु राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ को होना बहुत स्वाभाविक है। लेकिन कांग्रेस और आईएनडीआई गठबंधन राम मंदिर बनने से बहुत नाराज हैं। कांग्रेस के शाही परिवार ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का न्योता ठुकरा दिया। कांग्रेस के जिन नेताओं ने इस कदम को गलत बताया, उन्हें पार्टी से निकाल दिया गया। ये दिखाता है कि कांग्रेस तुष्टिकरण के लिए किसी भी हद को पार कर सकती है।

छत्तीसगढ़ से मेरा इतना प्यार है कि देश के कई प्रधानमंत्री से भी ज्यादा मैं यहां आया हूं। परिवार से मेरा राम-राम कहना।

### अजय चंद्राकर, प्रेम प्रकाश पांडेय और अरुण साव से पीएम मोदी ने कुशल क्षेम पूछा

जनसभा में पहुंचे पीएम मोदी ने अजय चंद्राकर, प्रेम प्रकाश पांडेय और अरुण साव से कुशल क्षेम पूछा। सबसे पहले अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा, पिछले 10 साल में देश कहां से कहां पहुंचा है। देश ने कितनी प्रगति की है और उसमें आप सबका जो साथ मिला है, मैं उसके लिए आप सबका आभार व्यक्त करने भी आया हूं। आप लोगों ने यहां सिर्फ भाजपा सरकार ही नहीं बनाई, बल्कि विकसित भारत की आधारशिला भी मजबूत की है। छत्तीसगढ़ वासियों ने, बस्तर के मेरे भाई-बहनों ने मोदी की गारंटी पर मुहर लगाई है। आज उसी विश्वास से पूरा देश कह रहा है - फिर एक बार मोदी सरकार। अनेक दशकों बाद देश ने भाजपा की स्थिर और मजबूत सरकार देखी है। हमारी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता रही है- गरीब का कल्याण।आजादी के बाद दशकों तक गरीब की जरूरतों को कांग्रेस की सरकारों ने नजरअंदाज किया। कांग्रेस ने कभी गरीब की चिंता नहीं की, उसकी परेशानियों को नहीं समझा। कांग्रेस परिवार के अमीरों को कभी महंगाई का मतलब समझ ही नहीं आया।

### मैंने ठाना कि जब तक गरीब की हर चिंता दूर नहीं कर दूंगा, मैं चैन से नहीं बैठूंगा

हमारी सरकार ने गरीब के लिए एक-एक करके योजनाएं बनाईं, गरीब को उसका हक दिया। सरकार के इन प्रयासों का ही नतीजा है कि देश में 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। मोदी ने 11 हजार से ज्यादा जन औषधि केंद्र खोले हैं। उन पर 80त्न छूट के साथ दवाएं मिलती हैं। इससे गरीबों को 30 हजार करोड़ रुपये की बचत हुई है। इसलिए ही आज देश का गरीब कह रहा है कि खर्च कम कराए, बचत बढ़ाए बार बार - फिर एक बार मोदी सरकार।

## राहुल गांधी 13 अप्रैल को आएंगे छत्तीसगढ़, बीजेपी के बाद कांग्रेस करेगी बस्तर में चुनावी सभा

छत्तीसगढ़ में आगामी चुनाव को लेकर राजनीति गरमाई हुई है। पहले चरण के लिए बस्तर लोकसभा में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की पहली चुनावी सभा तय हो गई है। बता दें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद अब राहुल बस्तर दौरे पर आ रहे हैं। लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए राहुल का यह पहला छत्तीसगढ़ दौरा होगा। वे बस्तर विधानसभा में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे।




कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। पहले चरण के चुनावी अभियान के लिए 13 अप्रैल को बस्तर के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में राहुल की एक बड़ी जनसभा होगी। इसमें पूरे संसदीय क्षेत्र से कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय लोग भी शामिल होंगे। कांग्रेस ने राहुल के सभा की जोरशोर से तैयारी शुरू कर दी है।

### बस्तर में कांग्रेस करेगी जवाबी जनसभा ?

वहीं पीएम मोदी की आज बस्तर में जारी चुनावी सभा के बाद राहुल गांधी की जनसभा को जवाबी माना जा रहा है। कांग्रेस ने राहुल की चुनावी सभा में ताकत दिखाने स्थानीय वरिष्ठ नेताओं को भी जवाबदारी सौंप दी है। कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा के पक्ष में माहौल बनाकर बस्तर की सीट बरकरार रखने की कोशिशों मे पार्टी के दिग्गज जुटे हुए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सुबह 7 से शाम 4 बजे तक होगी जंगल सफारी की सैर




### गर्मी को देखते हुए सैर-सपाटे का टाइम बदला

**रायपुर,08 अप्रैल 2024 (ए)।** भीषण गर्मी और वन्यप्राणियों को इससे होने वाली परेशानियों को देखते हुए जंगल सफारी के समय में बदलाव किया गया है। जंगल सफारी आने वाले पर्यटक अब सुबह 7 बजे से सफारी का आनंद ले सकेंगे। वहीं अब सफारी ढाई घंटे पहले खुलेगा (7 बजे) और शाम 4 बजे तक लोग जंगल सफारी घूम पाएंगे।

### 21 साल बाद नक्सलियों के बंधन से मुक्त हुआ राम मंदिर



**सुकमा,08 अप्रैल 2024 (ए)।** 21 साल पहले जिस राम मंदिर को नक्सलियों ने बंद करवा दिया था उसे आज सीआरपीएफ के जवानों ने खोल दिया है। नवरात्रि शुरू होने से ठीक एक दिन पहले जवानों ने ग्रामीणों की मांग पर मंदिर में लगे ताले को खोल दिया और वहां साफ -सफाई कर मंदिर जाने का रास्ता भी बनाया, जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर है।

### शराब बंदी की बात करते-करते दाम बढ़ाकर कर रहे कमाई डॉ.महंत

**रायपुर,08 अप्रैल 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत ने बिहार के कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन के बयानों पर उन्हें ही निशाने में साधा है।



शराब बंदी के मसले पर डा. महंत ने कहा कि हमारी सरकार इसकी ओर अग्रसर थी लेकिन भाजपा ने तो सत्ता में आने के साथ ही शराब की कीमत बढ़ा कर कमाई करने की ठान ली है।

## अनवर ढेबर को मिली 4 दिन की रिमांड

**रायपुर,08 अप्रैल 2024 (ए)।** शराब घोटाले मामले में एसीबी/ईओडब्ल्यू ने आज अनवर ढेबर और अरविंद सिंह को कोर्ट में पेश किया, जहां दोनों को 12 अप्रैल तकएसीबी/ईओडब्ल्यू की रिमांड पर भेजा गया. बता दें कि अनवर ढेबर और अरविंद सिंह की रिमांड खत्म होने के बाद आज दोनों को निधि शर्मा तिवारी की कोर्ट में पेश किया गया था, जहां शराब घोटाले मामले में कोर्ट ने कारोबारी अनवर ढेबर और अरविंद सिंह की रिमांड मंजूर की है। छत्तीसगढ़ में हुए कथित शराब घोटाले मामले में ईओडब्ल्यू ने कारोबारी अनवर ढेबर और अरविंद सिंह को सोमवार को कोर्ट में पेश किया। दोनों की रिमांड अवधि पूरी होने पर उन्हें कोर्ट लाया गया है। इस दौरान ईओडब्ल्यू की ओर से दोनों की रिमांड बढ़ाने को लेकर पक्ष रखा जाएगा। जानकारी के मुताबिक, 3 दिनों की पूछताछ ने ईओडब्ल्यू को कोई जानकारी नहीं मिली है। वही जानकारी आ रही है कि सुप्रीम कोर्ट ने शराब घोटाले के मामलें में चल रहे मनी लॉड्रिंग केस को रद्द कर दिया है। जिसमें पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा और उसके बेटे यश टुटेजा को राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने शराब घोटाले में मनीलॉन्ड्रिंग केस को रद्द कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की पूरी कार्रवाई को ही



खारिज कर दिया है। अलग-अलग याचिकाओं की संयुक्त सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला आया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इस मामले में ईडी की ईसीआईआर और एफआईआर से यह पता चलता है कि कोई अपराध नहीं हुआ है और अपराध से कोई आय नहीं की गई है। इसलिए मनीलॉन्ड्रिंग का कोई केस नहीं बनता है और हम आपके केस को रद्द करते हैं। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जवल भुइयां की डबल बेंच ने इस मामले को सुना।

### ढेबर और अरविंद से पूछताछ में ईओडब्ल्यू के अधिकारियों का पसीना छूट रहा है...

दोनों आरोपी सवालों का जवाब नहीं दे रहे हैं। उनका एक ही जवाब होता है कि उन्हें जानकारी नहीं है या वे ई डी को पहले ही सब कुछ बता चुके हैं। आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो के अधिकारियों ने अरविंद सिंह और ढेबर को आमने-सामने बिठाकर भी पूछताछ की है, लेकिन कोई नई जानकारी हाथ नहीं लगी। 3 दिन की रिमांड खत्म होने के बाद आज दोनों को रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया जा रहा है। दो हजार करोड़ रुपये के शराब घोटाले में जमानत पर चल रहे होटल कारोबारी अनवर ढेबर को एंटी करप्शन ब्यूरो ने हिरासत में ले लिया है।

## छग में 40 करोड़ से ज्यादा नकदी जब्त

**रायपुर,08 अप्रैल 2024 (ए)।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के द्वितीय चरण में भरे गए नामांकन के लिए आज नाम वापसी का अंतिम दिन था. दूसरे चरण के लिए 5 अभ्यर्थियों ने नाम वापस लिए हैं और 6 अभ्यर्थियों के 11 नामांकन स्क्रूटनी में अस्वीकार किए गए हैं. नाम वापसी के बाद कुल 41 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में हैं. इसमें 38 पुरूष और 3 महिला उम्मीदवार शामिल हैं. इसकी जानकारी निर्वाचन पदाधिकारी शैलाभ साहू ने दी है. आचार संहिता के दौरान प्रदेशभर में अब तक 40,77,00,000 जब्त की गई है। इसमें से 10 करोड़ 50 लाख रुपये नगद, 77 लाख रुपये की शराब, चार करोड़ 77 लाख रुपये के ड्रग्स नार्कोटिक्स, 2 करोड़ 9 लाख रुपये के सोने और चांदी के आभूषण और 22 करोड़ के अन्य उत्पाद सामग्री जब्त किया गया है. दूसरे चरण के लिए राजनांदगांव में 15, महासमुंद में 17 और कांकेर में 9 उम्मीदवारों को निर्वाचन के लिए योग्य घोषित किया गया है.



उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों पर तीन चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को चुनाव होंगे और मतगणना 4 जून को होगी।

## कोयला कारोबारी सुनील अग्रवाल की जमानत याचिका हाईकोर्ट से खारिज

**बिलासपुर,08 अप्रैल 2024 (ए)।** बहुचर्चित कोयला घोटाले में शामिल कोयला कारोबारी सुनील अग्रवाल की जमानत अर्जी हाईकोर्ट ने दूसरी बार खारिज कर दी है। इस बार मेडिकल ग्राउंड पर उन्होंने बेल देने की मांग की थी, जिस पर हाईकोर्ट के जस्टिस एनके व्यास ने करीब एक माह पहले आर्डर रिजर्व रखा था। अब कोर्ट ने मेडिकल ग्राउंड पर उन्हें जमानत देने से इंकार कर दिया है। दरअसल, कोयला घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय जांच कर रही है। इस दौरान प्रदेश के सीनियर आईएएस, व्यापारियों व राजनीति से जुड़े लोगों के साथ ही बिचौलियों के माध्यम से कोयला परिवहन में



कमीशनखोरी कर घोटाला सामने आया। इस केस में ईडी ने राज्य सरकार से जुड़े अफसरों के साथ ही कोयला कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। ईडी ने अब तक केस में राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी, उनके चाचा लक्ष्मीकांत तिवारी, छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस अधिकारी समीर विश्नोई और एक कोयला कारोबारी सुनील अग्रवाल समेत नौ से अधिक लोगों को गिरफ्तार क चुकी है। ईडी ने बताया था कि 2 साल के अंदर 540 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है. अभी तक ईडीने आरोपियों की 152 करोड़ रुपए की संपत्ति भी जब्त कर चुकी है।


## कवासी लखमा से भी पूछताछ हो सकती है...




**रायपुर,08 अप्रैल 2024 (ए)।** ईओडब्ल्यू एफ आई आर में जिन लोगों के नाम हैं उन्हें पूछताछ के लिए बुला रही है। पहले चरण में अधिकारियों को बुलाया जा रहा है। इसके बाद शराब कारोबारी और आखिर में नेताओं को बुलाया जाएगा। पूर्व मंत्री कवासी लखमा को भी पूछताछ के लिए बुलाने की तैयारी की जा रही है। क्योंकि अधिकांश दस्तावेज में उनके ही हस्ताक्षर हैं।

14वीं पुण्यतिथि पर

सादर श्रद्धांजलि...



स्व. श्री रविशंकर त्रिपाठी जी

जन्म -18.12.1955 निर्वाण - 09.04.2010

श्रद्धांजलि सभा दिनांक: 09 अप्रैल 2024, समय: 3:30 बजे से
स्थान: राघवपुरी वृद्धा आश्रम अजिरमा, अंबिकापुर

चिट्ठी न कोई संदेश जाने वो कौन सा देश जहां आप चले गये,
इस दिल पे लगा के ठेस जाने वो कौन सा देश जहाँ आप चले गये
इक आह भरी होगी, हमने ना सुनी होगी । जाते-जाते आपने, आवाज तो दो होगी
हर वक्त यही है गम, उस वक्त कहां थे हम
हर दिल में रह गई बात, जल्दी से छुड़ाकर हाथ कहां आप चले गये ।

श्री रविशंकर त्रिपाठी स्मृति सेवा समिति, अम्बिकापुर सरगुजा

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)